www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 मतदाता सूची के सत्यापन पर व्यर्थ का शोर

राजपूत करणी सेना में हुई नई नियुक्तियां 04

वर्ष :09 | अंक :23 | मुंबई , सोमवार , 14 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने ओडिशा के डीजीपी से छात्रा के आत्मदाह मामले में रिपोर्ट मांगी

ओडिशा के बालासोर में यौन उत्पीड़न की कथित घटना के बाद कॉलेज की एक छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने रविवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। बालासोर में एक कॉलेज की छात्रा द्वारा आत्मदाह को बेहद परेशान करने वाली घटना बताते हुए, आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने ओडिशा के डीजीपी से निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से जांच सुनिश्चित करने को कहा है। आयोग ने ओडिशा पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़िता को सभी आवश्यक चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक सहायता निःशुल्क उपलब्ध कराने को भी कहा। आयोग ने कहा, कार्रवाई रिपोर्ट तीन दिन के भीतर आयोग के समक्ष प्रस्तुत की जानी चाहिए। इसने कहा कि बालासोर के एक सरकारी कॉलेज की 20 वर्षीय छात्रा ने विभागाध्यक्ष द्वारा यौन उत्पीड़न और शैक्षणिक धमकियों का सामना करने के बाद कथित तौर पर खुद को आग लगा ली। आयोग ने कहा कि 90 प्रतिशत तक झुलसी छात्रा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मध्यप्रदेश के मुरैना में घड़ियालों की तस्करी के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

मध्यप्रदेश के मुरैना में घड़ियालों की कथित तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में जौरा कस्बे में आरोपियों के पास से घड़ियालों के 30 और कछुए के तीन बच्चे बरामद किए गए। जौरा के वन विभाग के उप रेंजर विनोद उपाध्याय ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की कार में पान मसाले के झोला में रखकर घड़ियाल एवं कछुए के बच्चों को चम्बल नदी से निकाल कर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस के सहयोग से की गई कार्रवाई में कार से घड़ियालों के 30 और कछुए के तीन बच्चे मिले। जौरा के उपविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) नितिन एस. बघेल ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी घड़ियालों और कछुए के बच्चों को चम्बल नदी के बटेश्वरा घाट से निकाल कर लाए थे।

# बिहार की तरह पूरे देश में वोटर लिस्ट की होगी जांची

## चुनाव आयोग की तैयारी पूरी; सुप्रीम कोर्ट में 28 जुलाई की सुनवाई के बाद फैसला होगा

**जांची**

ईसी अफसरों के मुताबिक '1 अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी। 30 सितंबर को पब्लिश होने वाली आखिरी मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे।' वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख है। मतदाता गणना फॉर्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है।



एजेंसी

नई दिल्ली, चुनाव आयोग बिहार के बाद अब पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कराने जा रहा है। इसके तहत वोटर लिस्ट की गहनता से जांच की जाती है और अपडेट किया जाता है। अगस्त से इसकी शुरूआत हो सकती है। ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव कर दी है। आयोग का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई को बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को जारी रखने की परमिशन पर आया। कोर्ट ने इसे संवैधानिक बताया था। हालांकि कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ हैं। ईसी में चुनौती भी दी है। दावा है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के चलते योग्य नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। चुनाव आयोग के अधिकारी के मुताबिक, इलेक्शन अथॉरिटी 28 जुलाई के बाद रकफ पर अंतिम फैसला लेगी क्योंकि बिहार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है। वहीं, कुछ राज्यों के चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने अपने राज्यों में पिछली के बाद की पब्लिश वोटर लिस्ट जारी करना शुरू भी कर दिया है।

### आरजेडी सांसद बोले- अगर विदेशी हैं तो जिम्मेदार कौन

बिहार में विदेशियों के होने के चुनाव आयोग के दावे पर राजद सांसद मनोज झा ने कहा, ये सूत्र कौन है, ये मुझे समझ नहीं आता। अगर बिहार में एक भी विदेशी है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? ये सवाल देश के गृह मंत्री से होना चाहिए।' मनोज झा ने इसे प्लांटेड स्टोरी बताते हुए कहा, 'इसके जरिए नफरत के बीज बोए जा रहे हैं। इस मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर न बताएं।'

### बिहार की वोटर लिस्ट में नेपाल-बांग्लादेश के लोग

नई दिल्ली/पटना, बिहार में वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम जारी है। इस दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों का दावा है कि बिहार में बड़ी तादाद में विदेशी हैं। चुनाव आयोग अफसरों ने न्यूज एजेंसी को बताया, 'हमने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर जाकर दौरे किए। इस दौरान हमें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग बड़ी संख्या में मिले हैं।' चुनाव आयोग अफसरों के मुताबिक '1 अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी। 30 सितंबर को पब्लिश होने वाली आखिरी मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे।' वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख है। मतदाता गणना फॉर्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इधर, चुनाव आयोग के खुलासे पर पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल और राजद सांसद मनोज झा ने सवाल उठाए हैं।

### दिल्ली सीईओ वेबसाइट की 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध

**कपिल सिब्बल बोले- चुनाव आयोग केंद्र की कठपुतली**

दिल्ली सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध है, जब दिल्ली में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन हुआ था। उत्तराखंड में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2006 में हुआ था। तब की वोटर लिस्ट राज्य की सीईओ वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कट ऑफ तारीख के तौर पर काम करेगा, क्योंकि बिहार की 2003 की वोटर लिस्ट को चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए यूज कर रहा है।

# संसदीय कार्यकाल के लिए सभी को शुभकामनाएं

## पीएम मोदी ने की राज्यसभा के लिए मनोनीत सदस्यों की प्रशंसा

सी सदानंदन मास्टर की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उनका जीवन साहस और अन्याय के सामने न झुकने की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हिंसा और धमकियां उनके राष्ट्र विकास के जज्बे को रोक नहीं सकीं। एक शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उनके प्रयास प्रशंसनीय हैं। युवा सशक्तीकरण में उनकी गहरी आस्था है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत होने पर उन्हें बधाई और सांसद के रूप में उनकी भूमिका के लिए शुभकामनाएं।



एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के विशेष लोक अभियोजक उज्ज्वल निकम, केरल से भाजपा नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन के योगदान की प्रशंसा की। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात एक अधिसूचना जारी कर बताया कि राष्ट्रपति ने इन चार व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्री उज्ज्वल निकम का कानूनी क्षेत्र और संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। वह न केवल एक कुशल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय के लिए भी अग्रणी रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकम ने अपने पूरे करियर में संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने और आम नागरिकों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति द्वारा उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत करना प्रसन्नता की बात है। उनकी संसदीय यात्रा के लिए शुभकामनाएं। श्रृंगला की प्रशंसा करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा, उन्होंने भारत की विदेश नीति और जी-20 की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति ने उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। उनका अनूठा दृष्टिकोण संसदीय कार्यवाही को समृद्ध करेगा।

# राजस्थान के अजमेर स्टेशन में पानी भरा

## यूपी के झांसी में 17 बच्चों का रेस्क्यू, वाराणसी में गंगा उफान पर; मध्य प्रदेश के कई गांवों में बाढ़

यूपी के ज्यादातर जिलों में तेज बारिश जारी है। ललितपुर में माताटीला बांध के 20, गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोले गए। वाराणसी में तेज बारिश के कारण गंगा नदी हर घंटे 2 सेंटीमीटर बढ़ रही है। घाट किनारे के कई मंदिर पानी में डूबे हैं।




एजेंसी

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। राजस्थान में के भीलवाड़ा में दो चचेरे भाई नाले में डूब गए। कोटा, बूंदी, झालावाड़, टोंक, भीलवाड़ा, अजमेर, जोधपुर, बांसवाड़ा में तेज कई नदियां उफान पर हैं। अजमेर रेलवे स्टेशन में पानी भर गया। झारखंड के सरायकेला-खरसावां और लोहरदगा जिलों में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हुई है। मानसून की बारिश के कारण मध्य प्रदेश के 7 जिले रीवा, सतना, मैहर, शिवपुरी, खजुराहो और छतरपुर बहुत प्रभावित हैं। सैकड़ों लोगों को रेस्क्यू किया गया है। छतरपुर में धसान नदी में पिकअप वाहन बह गया। दो लोगों को वाहन का शीशा तोड़कर बाहर निकला, एक की मौके पर ही मौत हो गई। वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पूरी तरह डूबा है, जिसकी वजह से अंतिम संस्कार छत पर किया जा रहा है। राज्य में पिछले 24 घंटे की बात करें तो बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हुई ।

### आज कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और उत्तराखंड में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी है। 21 राज्यों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी है। उत्तराखंड में बिजली गिरने के साथ-साथ अचानक बाढ़ आने और लैंडस्लाइड का भी अलर्ट है

# विभागाध्यक्ष के यौन उत्पीडन से तंग छात्रा ने खुद को लगाई आग

## टीएमसी ने बीजेपी सरकार पर साधा निशाना

रिपोर्ट्स के अनुसार, बालासोर के एफएम स्वायत्त कॉलेज की द्वितीय वर्ष की इंटीग्रेटेड बी.एड. छात्रा ने विभागाध्यक्ष और सहायक प्रोफेसर समीर कुमार साहू के उत्पीडन से तंग आकर खुद को आग लगा ली। वह 90 प्रतिशत से अधिक जल चुकी है और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उसे बचाने की कोशिश करने वाला एक साथी छात्र भी 70 प्रतिशत तक जल गया है। दोनों का इलाज एम्स भुवनेश्वर में चल रहा है।



▶▶ओडिशा सेक्सुअल हैरेसमेंट केस, पीड़ित 95% झुलसी:वेंटिलेटर पर, मुख्यमंत्री बोले- जरूरत पड़ी तो एयरलिफ्ट भी करेंगे

एजेंसी

ओडिशा के बालासोर जिले में यौन उत्पीडन से परेशान एक कॉलेज छात्रा द्वारा खुद को आग लगाने की दिल दहला देने वाली घटना ने राज्य में हडकंप मचा दिया है। छात्रा ने अपने विभागाध्यक्ष पर बार-बार यौन संबंध बनाने की मांग करने और इनकार करने पर उसका भविष्य बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। बालासोर में कॉलेज छात्रा के आत्मदाह के प्रयास के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। कॉलेज प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया है, जबकि आरोपी विभागाध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### छात्रा की हालत गंभीर

रिपोर्ट्स के अनुसार, बालासोर के एफएम स्वायत्त कॉलेज की द्वितीय वर्ष की इंटीग्रेटेड बी.एड. छात्रा ने विभागाध्यक्ष और सहायक प्रोफेसर समीर कुमार साहू के उत्पीडन से तंग आकर खुद को आग लगा ली। वह 90 प्रतिशत से अधिक जल चुकी है और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उसे बचाने की कोशिश करने वाला एक साथी छात्र भी 70 प्रतिशत तक जल गया है। दोनों का इलाज एम्स भुवनेश्वर में चल रहा है।

### मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने किया दौरा

घटना की गंभीरता को देखते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने एम्स भुवनेश्वर पहुंचकर छात्रा और उसके माता-पिता से मुलाकात की।

# 'ऐसे तो बिहार में 790000 मतदाताओं का नाम कट जाएगा'

## एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर भड़के तेजस्वी यादव




एजेंसी

पटनाः बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आज इंडिया गठबंधन यानी महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की. पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी ने निर्वाचन आयोग के द्वारा करवाए जा रहे स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि बीएलओ के माध्यम से लोगों को जो फार्म दिया जा रहा है, उसमें दस्तावेज के बिना सिर्फ दस्तखत करवाकर फॉर्म वापस ले लिया जा रहा है.तेजस्वी यादव का चुनाव आयोग पर हमला।

# तमिलनाडु में मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जली

## 52 बोगियों में डीजल था, 40 अलग की गईं; तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन का इलाका खाली कराया

### रेलवे का बयान- तीसरे डिब्बे में सबसे पहले लगी थी आग

रेलवे ने एक बयान में बताया कि मालगाड़ी के तीसरे डिब्बे में आग लगने की खबर मिलते ही, लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड (ओएचई) बिजली आपूर्ति बंद रोक दी। हालांकि, जब तक ट्रेन रोकी गई, आग 19वें डिब्बे तक फैल गई थी।



एजेंसी

तिरुवल्लूर, तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरूआत में पांच बोगियों में आग लगी। बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं।जिला कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है।इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं।

इस हादसे के कारण चेन्नई को बैंगलोर, केरल और रेणुगुंटा/तिरुपति से जोड़ने वाले चेन्नई अरकोणम सेक्शन में रेल परिचालन स्थगित करना पड़ा।

# बिहार में बिगड़ी कानून-व्यवस्था, 24 घंटे में चौथी हत्या से हड़कंप

### पटना में वकील को मारी गोली

पिछले 24 घंटों के भीतर राज्य में गोलीबारी की चौथी घटना सामने आई है। पटना पूर्वी पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि जितेंद्र कुमार महतो गुरुवार को चाय पीकर लौट रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। कुमार के अनुसार, 'अपराधियों ने जितेंद्र महतो नाम के व्यक्ति को गोली मार दी। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी मौत हो गई।'




एजेंसी

बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। पिछले 24 घंटों के भीतर राज्य में गोलीबारी की चौथी घटना सामने आई है। गुरुवार को पटना के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में जितेंद्र कुमार महतो (58 वर्षीय) नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

### चाय पीकर लौट रहे वकील को मारी गोली

पटना पूर्वी पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि जितेंद्र कुमार महतो गुरुवार को चाय पीकर लौट रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी।

**वार** नेताओं का केंद्र सरकार पर तीखा वार

# नजरबंदी और प्रतिबंध पर राजनीतिक दलों में उबाल



एजेंसी

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में 13 जुलाई को मनाए जाने वाले कश्मीर शहीद दिवस पर इस साल भी विवाद गहरा गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के प्रशासन ने इस दिन किसी भी तरह के कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी, जिसके चलते उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर सरकार के कई मंत्रियों, विधायकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को या तो नजरबंद कर दिया गया या हिरासत में ले लिया गया। यह दिन 1931 में हुए नरसंहार की बरसी के तौर पर मनाया जाता है, जब ब्रिटिश शासन के अधीन तत्कालीन जम्मू-कश्मीर रियासत के शासक हरि सिंह के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई लोग मारे गए थे। केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने श्रीनगर के कई इलाकों में कडे प्रतिबंध लगाए और शहीदों के कब्रिस्तान की ओर जाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उमर अब्दुल्ला ने इन प्रतिबंधों की कडी निंदा करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, '13 जुलाई का नरसंहार हमारा जलियांवाला बाग है। जिन लोगों ने अपनी जान कुर्बान की, उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ ऐसा किया। कश्मीर पर ब्रिटिश हुकूमत का शासन था। यह कितनी शर्म की बात है कि ब्रिटिश शासन के हर रूप के खिलाफ लडने वाले सच्चे नायकों को आज सिर्फ इसलिए खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है क्योंकि वे मुसलमान थे। आज हमें उनकी कब्रों पर जाने का मौका भले ही न मिले,

उमर अब्दुल्ला ने इन प्रतिबंधों की कडी निंदा करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, '13 जुलाई का नरसंहार हमारा जलियांवाला बाग है। यह कितनी शर्म की बात है कि ब्रिटिश शासन के हर रूप के खिलाफ लडने वाले सच्चे नायकों को आज सिर्फ इसलिए खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है क्योंकि वे मुसलमान थे। आज हमें उनकी कब्रों पर जाने का मौका भले ही न मिले, लेकिन हम उनके बलिदान को नहीं भूलेंगे।'

लेकिन हम उनके बलिदान को नहीं भूलेंगे।' पीडीपी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस कार्रवाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'दिल की दूरी' वाले बयान से जोडा। उन्होंने कहा, 'जब आप शहीदों के कब्रिस्तान की घेराबंदी करते हैं, लोगों को मजार-ए-शुहादा जाने से रोकने के लिए उनके घरों में बंद कर देते हैं, तो यह बहुत कुछ कहता है। 13 जुलाई हमारे उन शहीदों को याद करता है जो देश भर के अनगिनत अन्य लोगों की तरह, अत्याचार के खिलाफ उठ खडे हुए।

वे हमेशा हमारे नायक रहेंगे।' जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने भी अपनी नजरबंदी की जानकारी देते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'मुझे नहीं पता कि केंद्र सरकार कश्मीर के लोगों के लिए पवित्र चीजों को फिर से परिभाषित करने पर इतनी उत्सुक क्यों है। 13 जुलाई को दिए गए बलिदान हम सभी के लिए पवित्र हैं।' उन्होंने जोर देते हुए कहा कि खून से सने इतिहास कभी मिटते नहीं।

# एसओ2 उत्सर्जन नियमों में छूट देने का सरकार का फैसला गलत आधारों पर आधारित है: जयराम रमेश



रमेश ने कहा कि सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ2) जन स्वास्थ्य के लिए सीधा खतरा है और यह बादलों के बनने की प्रक्रिया भी प्रभावित करती है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा कहा जाने वाला मानसून प्रभावित होता है।

एजेंसी


नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार की ओर से लगभग 78 प्रतिशत कोयला आधारित संयंत्रों को प्रमुख प्रदूषण रोधी प्रणालियां लगाने से छूट दिए जाने पर रविवार को कहा कि पर्यावरण मंत्रालय की इस नीति के पीछे की दलील गलत आधार पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) में संशोधन के अभाव में सरकार की नीति बनाने की प्रक्रिया त्रुटिपूर्णह्व रहेगी। केंद्र सरकार ने एक बार फिर कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों के लिए सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन मानदंडों का अनुपालन करने की समय सीमा बढ़ा दी है और अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों या दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों से दूर स्थित संयंत्रों को इससे पूरी तरह छूट दे दी है। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी सरकार ने पहले ही भारत को सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन में वैश्विक नेता बनाने का गौरव हासिल कर लिया है। अब हमें पता चला है कि पर्यावरण मंत्रालय ने भारत के 78-89% ताप विद्युत संयंत्रों को सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कटौती करने वाले फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) सिस्टम लगाने से छूट दे दी है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि एफजीडी सिस्टम लगाने की समय सीमा पहले 2017 निर्धारित की गई थी, जिसे कई बार आगे बढ़ाया जा चुका है।

## सम्पादकीय

### सवाल खड़े करने वाली जांच, अहमदाबाद विमान हादसे की रिपोर्ट पर उठ रहे सवाल

अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रपट इसलिए विश्वसनीय नहीं जान पड़ती क्योंकि उसके जरिये यह बताने की कोशिश की गई है कि कहीं न कहीं पायलटों से गलती हुई। आखिर इतने अनुभवी पायलट फ्यूल का स्विच आफ करने की गंभीर गलती कैसे कर सकते हैं? इस गलती को रोकने के तो कई उपाय होते हैं।\ अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रपट इस दिल दहलाने वाली हवाई दुर्घटना के संभावित कारणों के जवाब कम दे रही है, सवाल अधिक खड़े कर रही है। समझना कठिन है कि इस प्रारंभिक जांच रपट को सुविचारित तरीके से क्यों नहीं जारी किया गया? किसी रपट को रात ढाई-तीन बजे जारी करने का क्या औचित्य\ प्रश्न यह भी है कि इस अधकचरी सी रपट को जारी करना कितना आवश्यक था। यदि किसी कारण आवश्यक भी था तो यह क्यों नहीं स्पष्ट किया गया कि इसके आधार पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जाना चाहिए और किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने के लिए अन्य जांच रपटों की प्रतीक्षा की जानी चाहिए?\ इतने बड़े विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रपट पर कामचलाऊ रवैया समझ से परे है। इसके बाद भी परे है कि सरकार पहले दिन से यह प्रकट कर रही थी कि वह इस विमान दुर्घटना के कारणों को सामने लाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिबद्धता जताने का यह कोई तरीका नहीं होता। अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रपट इसलिए विश्वसनीय नहीं जान पड़ती, क्योंकि उसके जरिये यह बताने की कोशिश की गई है कि कहीं न कहीं पायलटों से गलती हुई। आखिर इतने अनुभवी पायलट फ्यूल का स्विच आफ करने की गंभीर गलती कैसे कर सकते हैं? इस गलती को रोकने के तो कई उपाय होते हैं। पायलटों की बातचीत के विवरण से भी यही संकेत मिलता है कि 250 से अधिक लोगों की जान लेने वाले विमान के इंजन संभवतः किसी तकनीकी खामी से अचानक बंद हो गए। कहीं ऐसा तो नहीं कि विमान हादसे की प्रारंभिक जांच करने वाले विमान निमार्ता कंपनी बोइंग को संदेह के दायरे से बाहर रखना चाहते थे? इस अंदेशे का एक कारण यह है कि अतीत में बोइंग पर ऐसे आरोप लग चुके हैं कि उसने अपने कई विमानों के निर्माण के दौरान उनके सुरक्षित संचालन उपायों की अनदेखी करना पसंद किया। ऐसे आरोप खुद इस कंपनी के कर्मचारियों ने लगाए थे। अच्छा यह हो कि भारत सरकार अहमदाबाद विमान हादसे के मूल कारणों की तह तक जाने के हर संभव उपाय करे। उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इस विमान दुर्घटना में जाने-अनजाने जिसने भी गलती की हो, उसका नाम सामने आए। कोई बचने-छिपने न पाए। यह ठीक नहीं कि विदेशी मीडिया का एक हिस्सा अहमदाबाद विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रपट के शरारत भरे निष्कर्ष निकाल रहा है।

## आज का विचार




# मतदाता सूची के सत्यापन पर व्यर्थ का शोर

> कांग्रेस और अन्य दलों ने मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर चुनाव आयोग पर जो तमाम आरोप लगाए, उनसे यही अधिक साफ हुआ कि वे पुरानी मतदाता सूचियों के सहारे चुनाव कराना चाह रहे हैं और यह मानकर चल रहे कि मतदाता सूची के सत्यापन से कुछ ऐसे लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कट सकते हैं जो अब मतदाता नहीं हैं और इससे उन्हें राजनीतिक नुकसान हो सकता है।

पा बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों के पहले चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूची के सत्यापन अर्थात पुनरीक्षण की जो पहल की, उस पर कांग्रेस, राजद समेत अनेक विपक्षी दलों ने आसमान सिर पर उठा लिया। इन दलों ने यह बताने की कोशिश की कि चुनाव आयोग कोई अनुचित, अनावश्यक और असंवैधानिक काम कर रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग के साथ मोदी सरकार पर भी तमाम आरोप लगाए। उनके हिसाब से चुनाव आयोग मतदाता सूची का सत्यापन मोदी सरकार के कहने पर कर रहा है और उसका इरादा किसी न किसी प्रकार भाजपा को चुनावी लाभ पहुंचाना है।\ राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की इस पहल को महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में हुई तथाकथित हेराफेरी से भी जोड़ा। वह बार–बार यह घिसा–पिटा आरोप दोहरा रहे हैं कि महाराष्ट्र में चुनाव आयोग ने भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए धांधली करवाई। इन आरोपों का चुनाव आयोग ने विस्तार से जवाब दिया है, लेकिन राहुल गांधी और उनके साथ कई विपक्षी नेता सच का सामना करने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। साफ है कि उनके साथ कांग्रेस यह समझने को तैयार नहीं कि उनकी राजनीतिक जमीन कमजोर हो रही है और इसके लिए वे चुनाव आ?ोग पर दोष मढ़कर कुछ हासिल नहीं कर सकते।\ मतदाता सूची का सत्यापन कोई नई बात नहीं है। बिहार में ही इसके पहले 2003 में मतदाता सूची का सत्यापन हुआ था। अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी मतदाता बढ़े हैं।




बिहार के लाखों लोग रोजगार के सिलसिले में बाहर जाते हैं और कुछ तो वहीं स्थाई रूप से बस जाते हैं। इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि बांग्लादेश से होने वाली अवैध घुसपैठ से पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ–साथ झारखंड और बिहार भी प्रभावित हैं। मतदाता सूची के सत्यापन से न केवल बिहार के वैध–वास्तविक मतदाताओं का पता चलेगा, बल्कि इसकी भी जानकारी हो सकेगी कि कहीं अवैध बांग्लादेशी बिहार में मतदाता तो नहीं बन गए हैं? आखिर जब वे बंगाल में बन सकते हैं तो बिहार में भी इसकी आशंका है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची का सत्यापन निष्पक्ष चुनाव की बुनियादी शर्त है। यदि समय–समय पर इसकी पड़ताल की जाती रहे कि वास्तविक मतदाता कौन हैं और वे कहां रह रहे हैं तो इसमें क्या हर्ज है? शायद ऐसे ही जायज सवालों के कारण चुनाव आ?ग की पहल के खिलाफ जिन राजनीतिक दलों और लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, उन्हें निराशा ही हाथ लगी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की पहल पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। इतना अवश्य रहा कि उसने चुनाव आयोग को मतदाताओं के सत्यापन के लिए आधार, राशन कार्ड, वोटर आइडी को भी इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। यह ठीक ही है कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के सुझाव पर अमल करने को तैयार है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग का काम नागरिकता तय करना नहीं है। हालांकि चुनाव आयोग का इस संदर्भ में यह कहना था कि हर मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि नागरिकता तय करने का काम गृह मंत्रालय का है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सही है। यह फैसला चुनाव आयोग की अनावश्यक आलोचना करने वालों को आईना दिखाने वाला है। उसने व्यर्थ की राजनीति करने वालों को सबक सिखाने का ही काम किया। चुनाव प्रक्रिया और चुनाव आयोग पर सवाल पहले भी उठाए जाते रहे हैं। हाल के समय में सबसे ज्यादा सवाल ईवीएम पर उठे हैं। सवाल उठाने वाले दलों में कांग्रेस सबसे आगे है, जबकि उसके समय में ही ईवीएम पर अमल शुरू हुआ। केंद्र की सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस लगातार यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि भाजपा ईवीएम में कुछ गड़बड़ी कराकर चुनाव जीत रही है। वह और उसके सहयोगी राजनीतिक दल जब ऐसे आरोप लगाते हैं तो यह भूल जाते हैं कि वे भी तो चुनाव जीतते रहते हैं। उन्होंने झारखंड में चुनावी जीत हासिल की थी। कांग्रेस यह देखने को तैयार नहीं कि उसके और सहयोगी दलों के प्रत्याशी जितने अंतर से चुनाव हारते हैं, उतनी संख्या में अवैध वोट नहीं डलवाए जा सकते।\ कोई भी प्रक्रिया अपने आप में संपूर्ण नहीं हो सकती। चुनाव प्रक्रिया में भी कुछ कमियों या विसंगतियों का उल्लेख किया जा सकता है, लेकिन यह हर कोई मानेगा कि समय के साथ भारत की चुनाव प्रक्रिया में सुधार हुआ है और इसी कारण चुनाव आयोग की दुनिया भर में प्रतिष्ठा बढ़ी है। बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन के चुनाव आयोग के फैसले पर विपक्षी दलों ने जो भी सवाल उठाए, वे कुल मिलाकर लोगों को गुमराह करने वाले ही हैं। कांग्रेस और अन्य दलों ने मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर चुनाव आयोग पर जो तमाम आरोप लगाए, उनसे यही अधिक साफ हुआ कि वे पुरानी मतदाता सूचियों के सहारे चुनाव कराना चाह रहे हैं और यह मानकर चल रहे कि मतदाता सूची के सत्यापन से कुछ ऐसे लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कट सकते हैं, जो अब मतदाता नहीं हैं और इससे उन्हें राजनीतिक नुकसान हो सकता है। आखिर वे इस नतीजे पर कैसे पहुंच सकते हैं कि ऐसे लोग उन्हें ही वोट देते? यह अच्छा है कि चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय के सामने साफ किया कि मतदाता सूची के सत्यापन की 60 प्रतिशत प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और विधानसभा चुनावों के पहले शेष काम को पूरा कर लिया जाएगा। बेहतर होगा कि सभी राजनीतिक दलों के साथ बिहार के लोग भी यह समझें कि चुनाव आयोग की पहल से फर्जी मतदाताओं के नाम काटेंगे। यह ठीक है कि इस पहल से बिहार के कुछ उन लोगों को परेशानी हो सकती है, जो बाहर रहते हैं और अब भी इस राज्य के वोटर हैं, लेकिन इसके आधार पर चुनाव प्रक्रिया और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के काम को रोका नहीं जा सकता। लोकतंत्र और अधिक सशक्त हो, इसकी चिंता देश के नागरिकों को भी करनी होगी।

## राशिफल



**मेष राशि** :करियरः माता-पिता के आशीर्वाद से आज काम में अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपके व्यवहार और काम का सकारात्मक असर दूसरों पर पड़ेगा. बिजनेसः अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, तो बिजनेस से जुड़े अनुभवी लोगों से सलाह जरूर लें.धनः पैसों से जुड़ा कोई पुराना लेन-देन आज फायदेमंद साबित हो सकता है

**वृषभ राशिः** करियरः आज दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में स्थिति सामान्य रहेगी, धैर्य बनाकर रख बिजनेसः व्यवसायिक गतिविधियां थोड़ी धीमी रहेंगी, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए संयम ही उचित रहेगा धनः घर की सुख-सुविधाओं से जुड़ा कोई सामान खरीदने का योग बन रहा है।

**मिथुन राशि** : करियरः नई नौकरी के योग बन रहे हैं. किसी उलझन का समाधान होगा जिससे मन हल्का रहेगा. बिजनेसः आर्थिक गतिविधियों पर ध्यान दें. खर्चों को सीमित रखें और अनावश्यक मामलों में हस्तक्षेप से बचें.धनः किसी दोस्त की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है. लेन-देन में सावधानी रखें.शिक्षाः पढ़ाई में मन लगेगा.

**कर्क राशि** : करियरः दिनचर्या व्यवस्थित रखने से कार्य समय पर पूरे होंगे. काम पर ध्यान देना भविष्य में फायदेमंद रहेगा. बिजनेसः बिजनेसमैन किसी कंपनी के साथ साझेदारी कर सकते हैं. नई योजनाओं पर काम शुरू होगा.

**सिंह राशि** :करियरः वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा. ऑफिस में प्रेजेंटेशन या नई जिम्मेदारी मिल सकती है. बिजनेसः नया कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है. राजनीतिक संबंध भी लाभ देंगे.धनः रुके हुए पैसे वापस मिल सकते हैं.

**कन्या राशि**:करियरः ऑफिस में काम का दबाव रहेगा. सहयोगियों से तालमेल बनाए रखें.बिजनेसः व्यावसायिक सफलता से माता-पिता प्रसन्न होंगे.धनः फिजूलखर्ची से बचें. अपनी जरूरतों को प्राथमिकता दें.\ शिक्षाः प्रोजेक्ट पूरा करने में भाई-बहन या टीचर की मदद लें. लव/पारिवारिकः संदेह से बचें. परिवार में सामंजस्य बनाए रखना जरूरी है.उपायः गाय को हरी घास खिलाएं.

**तुला राशि** : करियरः दिन तरक्की देने वाला रहेगा. कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी. बिजनेसः अटका पैसा वापस मिलने की संभावना है.धनः सुख-सुविधा की वस्तुओं की खरीदारी में खर्च होगा. शिक्षाः बच्चों को आपकी सलाह से लाभ मिलेगा.

**वृश्चिक राशि** : करियरः काम समय पर पूरे होंगे. समाज में आपकी छवि सुधरेगी.बिजनेसः आज व्यवसाय में लाभ की स्थिति बन सकती है. धनः परिवार पर धन खर्च होगा.शिक्षाः शिक्षकों का दिन व्यस्त रहेगा.

**धनु राशि** : करियरः जीवनसाथी के साथ बाहर जाने का मौका मिलेगा. किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन लाभ देगा. बिजनेसः कोई नई योजना शुरू हो सकती है. धनः रुकी हुई आर्थिक समस्या सुलझ सकती है.

**मकर राशि**:करियरः परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी. सकारात्मक सोच से काम सफल होंगे.बिजनेसः प्रॉपर्टी डीलिंग से लाभ मिल सकता है.धनः धन के मामलों में सजग रहें. शिक्षाः विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करेंगे.\ लव/पारिवारिकः परिवार का सहयोग मिलेगा. महिलाएं घर के कामों में व्यस्त रहेंगी.

**कुंभ राशि** : करियरः अतिरिक्त जिम्मेदारियां पूरी होंगी. समाज में पहचान बढ़ेगी.बिजनेसः फैशन डिजाइनिंग से लाभ हो सकता है.धनः आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी. शिक्षाः विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा.\

**मीन राशि**:करियरः कार्यक्षेत्र में तालमेल अच्छा रहेगा. मार्केटिंग में सफलता मिलेगी.

बिजनेसः बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ की सलाह लें. धनः धन से जुड़ा मामला सुलझ सकता है.शिक्षाः छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा. लव/पारिवारिकः लवमेट के लिए दिन शानदार रहेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

## नैतिकता और संवेदनाएं? स्त्रियों,बच्चों का शोषण शर्मनाक

संजीव ठाकुर

गुरुग्राम में पिता ने अपने दर्प, घमंड के कारण अपनी जवान पुत्री गोली मारकर हत्या कर दी। पूरे देश में स्त्रियों बच्चियों पर अत्याचार व शोषण की अनेक घटनाएं लगभग रोज सामने आ रही है समाज का ताकतवर पुरुष वर्ग संवेदनहीन हो चुका है और चेतना स्खलित हो चुकी है। विगत वर्ष मणिपुर की महिलाओं पर शर्मनाक और अमानवीय पुरुष समाज की हरकतों से पूरा समाज और पूरा देश लज्जित हुआ है। छोटी बच्चियों से लेकर बड़ी बूढ़ी महिलाओं तक शारीरिक, सामाजिक शोषण देश के लिए एक काला अध्याय है हम अपने पशुओं के व्यवहार के कारण लज्जित तो हुए ही पर उसके पश्चात कोई पछतावा दिखाई नहीं देता है। देश के कोने कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाये अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा है धन तथा पद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं भारतीय समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री ही हर ज्यादति और अत्याचार की शिकार होती रहे।

प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है देश की आबादी की 45% आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है,यह एक चिंतनीय समाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन ही हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है। मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं। आंकड़ों में यदि जाएं तो 2020 में लगभग 40,000 बलात्कार के मामले हिंदुस्तान में सामने आए हैं जिनमें 18 साल से कम आयु की लड़कियों की संख्या 16800 की और सबसे खतरनाक तथा विवाद,वीभस्त आंकड़ा जो है वह 6 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना के लगभग 600 मामले सामने आए हैं। यौन हिंसा के अलावा बच्चियों, युवतियों तथा महिलाओं द्वारा युवाओं द्वारा दिए गए प्रणय निवेदन तो ठुकरा दिए जाने के बाद तेजाब फेंकने की घटनाएं तीव्रता से बड़ी हैं 2010 से लेकर 2020 तक महिलाओं पर तेजाब फेंकने की 1208 घटनाएं विभिन्न जगहों में संबंधित थानों में पंजीकृत हुई है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रशासन को एसिड की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए, पर आज भी पूरे देश में तेजाब की बिक्री खुलेआम हो रही है। तेजाब पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा इंटरनेट मोबाइल पर भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है इस पर भी एक उम्र की सीमा से ऊपर के लोगों को इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा कर एक अभियान चलाकर इसे योजनाबद्ध तरीके से कानून की मदद से हिंदुस्तान भर में विस्तारित किया जाना चाहिए। इसी तरह कन्या भ्रूण हत्या को भी समूल नष्ट करने का अभियान चलाकर एक प्रभावी योजना तैयार की जानी चाहिए। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ शासकीय योजनाओं को भी यौन हिंसा प्रताड़ना के खिलाफ आमजन को शिक्षित और जागरूक कर पाश्चात्य सभ्यता को ना अपनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए।



## दृष्टिकोण : अभिव्यक्ति के नाम पर नकारात्मक राजनीति

(डॉ. सुधाकर आशावादी)

सच्चे लोकतंत्र की पहचान यही है कि जनसाधारण को अपनी बात कहने का अधिकार है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कुछ लोगों की आदत हो गयी है कि वे बिना स्पष्ट प्रमाणों के किसी भी संवैधानिक संस्था या व्यक्ति पर आरोप लगा देते हैं, भले ही बाद में उन्हें अपनी गलती के लिए खेद व्यक्त करना पड़े या माफी माँगनी माँगनी पड़े। कहने का आशय यही है कि किसी की जुबान पर ताला नहीं लगाया जा सकता। राजनीतिक दल अपने संकीर्ण स्वार्थों के चलते अभिव्यक्ति के अधिकार का दुरुपयोग करते हुए देश भर में धरने प्रदर्शन करने का अवसर ढूँढते रहते हैं। कभी किसी मुद्दे पर कभी किसी मुद्दे पर। ऐसे में किसी प्रशासनिक भूल सुधार या व्यवस्था में सुधारात्मक परिवर्तन करना भी आजकल टेढ़ी खीर हो गया है। देश में घुसपैठियों की पहचान करने हेतु मतदाता सूची के पुनरीक्षण का मामला हो या सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने का कार्य, वोट बैंक की राजनीति के फेर में रोहिंग्याओं, अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के समर्थन में राजनीतिक दल रैली व धरना देने में भी पीछे नहीं हटते। बिहार के पटना में अनेक विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण के विरुद्ध मोर्चा निकालकर धरना दिया तथा अपनी मंशा साफ कर दी, कि वे चुनाव सुधारों के विरुद्ध हैं। विडंबना यह है कि जिन राज्यों में विपक्षी गठबंधन से जुड़े दलों को हार की संभावना होती हैं, वहां ये अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने की भूमिका तैयार करने लगते हैं। कभी ई वी एम का विरोध करते हैं, कभी मतदाताओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए मतदाता सूची के गहन परीक्षण का। इसके विपरीत जहाँ उनकी सरकार बनती हैं, वहां न तो मतदाता सूची का विरोध करते हैं, न ही ई वी एम को अपनी जीत का श्रेय देते हैं। यहाँ इस सत्य को नहीं झुठलाया जा सकता, कि निम्न वर्गीय व निम्न मध्यम वर्गीय मतदाता को तो अत्यधिक सुविधाओं का प्रलोभन देकर लुभाया जा सकता है, किन्तु शेष मतदाताओं को नहीं। आम मतदाता कानून व्यवस्था व सार्वजनिक विकास के मुद्दे पर मतदान करता है तथा वंशवादी जातीय राजनीतिक क्षत्रपों का बहिष्कार करता है। जिस सत्य को खानदानी राजनीति करने वाले तत्व स्वीकार नहीं करना चाहते तथा मतदाताओं को अपनी बपौती समझने वाले तत्व कभी ई वी एम से होने वाले पारदर्शी चुनाव पर ऊँगली उठाते हैं, कभी चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर, जिसे कदाचित उचित नहीं कहा जा सकता। माता पार्वती के एक अन्य नाम मल्लिका और भगवान शंकर के ही एक अन्य नाम अर्जुन से मिलकर इस ज्योर्तिलिंग को मल्लिकार्जुन नाम मिला है। वैसे यहाँ भगवान शंकर को मल्लिकार्जुन एवं माता पार्वती को भ्रमरम्बा देवी के रूप में भी पूजा जाता है। मुख्य मंदिर के रास्ते में शिखरेश्वर मंदिर भी है। कहा जाता है कि मल्लिकार्जुन और शिखरेश्वर मंदिर में दर्शन करने से मनुष्य का पुर्नजन्म नहीं होता है।

कृष्णा नदी के तट पर श्रीशैल पर्वत, जिसे दक्षिण का कैलाश कहते है, पर अवस्थित श्री मल्लिकार्जुन के बारे में स्कंद पुराण की कोटि रुद्र संहिता में वर्णित कथा के अनुसार भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय अपनी भावी पत्नी की तलाश में विश्व भ्रमण को निकले। जब वे लौटकर आए तो उन्होंने देखा कि माता पार्वती और पिता शिव अपने छोटे पुत्र श्री गणेश की शादी ऋद्धि-सिद्धि से करने जा रहे हैं। नाराज होकर उन्होंने घर छोड दिया और वे दक्षिण भारत के क्रौंच पर्वत जिसे श्रीशैल भी कहा जाता है, जा पहुँचे। माता-पिता अपने बेटे का विछोह सहन नहीं कर सके और वे भी उनके पीछे वहाँ तक जा पहुँचे, लेकिन कार्तिकेय वहां से तीन कोस दूर अन्यत्र जा चुके थे।

# शरद पवार की एनसीपी में सब ठीक नहीं, मंगलवार को बुलाई पार्टी की बड़ी बैठक

शरद पवार की पार्टी एनसीपी में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। पार्टी से नाराज चल रहे प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील के इस्तीफा की खबर है। हालांकि, शरद पवार के करीबी विधायक जितेंद्र आव्हाड ने इस्तीफे को सिरे से खारिज कर दिया है। पार्टी की दिशा और दशा दोनों ही तय की जाएगी।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः शरद पवार की पार्टी एनसीपी में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। पार्टी से नाराज चल रहे प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील के इस्तीफा की खबर है। हालांकि, शरद पवार के करीबी विधायक जितेंद्र आव्हाड ने इस्तीफे को सिरे से खारिज कर दिया है। अब मंगलवार को शरद पवार ने पार्टी की अहम बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। पार्टी की दिशा और दशा दोनों ही तय की जाएगी।\ शरद पवार की पार्टी में कैसा बवाल ?दरअसल, शरद पवार की पार्टी में इन दिनों दो गुट सामने आ रहे हैं। एक गुट का कहना है कि अगर उन्हें राजनीति में बने रहना है और अपने चुनाव क्षेत्र का विकास करना है तो अजित पवार की पार्टी में मर्जर देना चाहिए, जबकि दूसरा गुट जो अजित पवार से नाराज है वह चाहता है कि उन्हें केंद्र की एनडीए के साथ चले जाना चाहिए क्योंकि कांग्रेस के इंडी गठबंधन में अब कोई दम नहीं है। महाराष्ट्र की महाविकास आघाडी में भी बिगाड़ी हो गई है ।जयंत पाटील के इस्तीफे की खबरइस बीच, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक जयंत पाटील के इस्तीफे की खबर आई। बताया जाता है कि जयंत पाटील पार्टी में चल रही गतिविधि से बेहद नाराज है। उन्हें ऐसा लगता है कि उन्हें पार्टी में दरकिनार किया जा रहा है। पार्टी का 26वां स्थापना दिवस 10 जून को पुणे में मनाया गया

# सत्ता का घमंड ठीक नहीं, सम्मान जबरन नहीं... नितिन गडकरी ने किसे दी चेतावनी

नागपुर में एक कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने कहा कि शक्ति, पैसा, ज्ञान या सुंदरता आने पर लोगों में घमंड आ जाता है। उन्होंने नेताओं में बढ़ते अहंकार पर चिंता जताई और कहा कि सम्मान जबरन नहीं कमाया जा सकता, इसे अर्जित करना होता है। गडकरी ने भ्रष्टाचार और नकारात्मक सोच वालों पर भी निशाना साधा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अक्सर अपने बयानों से चर्चा में रहते हैं। इस बार उन्होंने कुछ ऐसा कहा है, जिस पर बहस हो सकती है। नागपुर में उन्होंने शिक्षकों और प्राचार्यों के एक कार्यक्रम में यह बात कही। गडकरी ने कहा कि जब लोगों के पास ताकत, पैसा, ज्ञान या सुंदरता आ जाती है, तो अक्सर उनमें घमंड आ जाता है। उनका कहना था कि लोग सोचने लगते हैं कि वे ही सबसे ज्यादा समझदार हैं। इससे वे दूसरों पर अपनी बात थोपने लगते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सम्मान जबरन नहीं लिया जा सकता, यह कमाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी में घमंड नहीं होना चाहिए। नितिन गडकरी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति दूसरों पर दबाव डालकर महान नहीं बनता। उन्होंने इतिहास का उदाहरण देते हुए कहा कि जिन्हें लोगों ने खुद स्वीकार किया, उन्हें कभी भी किसी पर अपनी बात थोपने की जरूरत नहीं पड़ी।

### मजाकिया लहजे में कही बड़ी बात

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नेताओं में बढ़ते अहंकार पर चिंता जताई।

उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, 'मैं सबसे होशियार हूं। मैं 'साहब' बन गया हूं... मैं दूसरों को तो गिनता ही नहीं।' उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह का घमंड अच्छे नेतृत्व को कमजोर करता है।

### 'सम्मान लायक होंगे तो जरूर मिलेगा'

टीमवर्क के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की ताकत, चाहे वह राजनीति हो, समाज सेवा हो या कोई कंपनी, मानवीय रिश्तों पर टिकी होती है। उन्होंने कहा कि आप अपने कर्मचारियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, यह बहुत मायने रखता है। गडकरी जी का मानना है कि सम्मान मांगा नहीं जाना चाहिए, बल्कि कमाया जाना चाहिए। अगर आप इसके लायक हैं, तो आपको यह जरूर मिलेगा।

### किस पर था नितिन गडकरी का इशारा?

नितिन गडकरी के इस बयान पर राजनीतिक विरोधियों ने अलग-अलग मतलब निकाले। कुछ लोगों का मानना है कि उन्होंने इखढ के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधा है।

फास्ट ट्रैक

# कल्याण के एक गोदाम में लगी आग , कोई हताहत नहीं



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण - एक गोदाम में भीषण आग लगने से काफी आर्थिक नुकसान हुआ कोई हताहत नहीं हुआ ।गोदाम में भारी मात्रा में ज्वलनशील रसायन भरे हुए थे जिसके कारण आग तेजी से फैल गई ।कल्याण पश्चिम के वसंत वैली इलाके में रात करीब साढ़े ग्यारह से बारह बजे के बीच भीषण आग लग गई। आग डी मार्ट के बगल में एक नई इमारत के गोदाम में लगी थी। गौरतलब है कि इस गोदाम में बड़ी संख्या में केमिकल के ड्रम रखे हुए थे। आग लगते ही एक जोरदार विस्फोट हुआ और आग ने विकराल रूप ले लिया ।आग की भीषणता के कारण पूरे इलाके में धुआँ फैल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियाँ तुरंत मौके पर पहुँच गईं। लगभग एक घंटे के बाद आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत थी कि कोई हताहत नहीं हुआ। रात होने के कारण गोदाम में काम करने वाले कर्मचारियों के चले जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

# अपना घर खरीदने का सुनहरा मौका! म्हाडा के 5000 घरों को लेकर बड़ा अपडेट, सोमवार से कर सकते हैं आवेदन

कोंकण आवास विकास बोर्ड ने ठाणे शहर और जिले के साथ-साथ वसई (पालघर जिले) में अलग-अलग आवास योजनाओं के तहत ओरोस (सिंधुदुर्ग जिला), कुलगांव-बदलापुर में 5,285 फ्लैट और 77 प्लॉट की बिक्री के लिए लॉटरी की घोषणा की है। इसके लिए सोमवार से आवेदन कर सकते हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई के आसपास अपना घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। कोकण आवास विकास बोर्ड ने एक बड़ी घोषणा की है। ठाणे शहर, ठाणे जिला और वसई (पालघर जिला) में 5,285 घरों और ओरोस (सिंधुदुर्ग जिला), कुलगांव-बदलापुर में 77 प्लॉट की बिक्री के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। इस लॉटरी के लिए रजिस्ट्रेशन और भुगतान की प्रक्रिया 14 जुलाई से शुरू होगी। सोमवार दोपहर 1 बजे म्हाडा के उपाध्यक्ष और सीईओ संजीव जायसवाल की ओर से 'गो-लाइव' कार्यक्रम के तहत इसकी शुरूआत की जाएगी। इच्छुक लोग 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।कहां मिलेंगे मकान-प्लॉट ?कोंकण बोर्ड की ओर से घोषित इस लॉटरी को पांच भागों में बांटा गया है। 20 प्रतिशत समावेशी योजना के तहत कुल 565 फ्लैट, 15 प्रतिशत एकीकृत शहर आवास योजना के तहत 3,002 फ्लैट, म्हाडा कोंकण मंडल आवास योजना के तहत 1,677 फ्लैट, म्हाडा कोंकण मंडल आवास योजना (50 प्रतिशत किफायती फ्लैट) के तहत 41 फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा म्हाडा कोंकण मंडल आवास योजना के तहत 77 प्लॉट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं ।कहां पर होगी लॉटरी की घोषणा ?आवेदक 25 अगस्त शाम 6 बजे तक ड्राफ्ट सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। ड्रॉ के लिए स्वीकृत आवेदनों की अंतिम सूची 1 सितंबर शाम 6 बजे म्हाडा की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। पात्र आवेदनों का कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ 3 सितंबर सुबह 10 बजे डॉ काशीनाथ घनेकर नाट्यगृह, ठाणे में घोषित किया जाएगा।

# मुंबई की हाई सिक्योरिटी आर्थर रोड जेल में गैंगवार, गैंगस्टर प्रसाद पुजारी पर हमला, 7 कैदियों पर केस दर्ज

हाई सिक्योरिटी मानी जाने वाली मुंबई की आर्थर रोड सेंट्रल जेल में कुख्यात गैंगस्टर प्रसाद पुजारी पर कथित रूप से जेल के भीतर हमला हुआ है। इस पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए मुंबई पुलिस ने प्रसाद पुजारी समेत कुल 7 कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः हाई सिक्योरिटी मानी जाने वाली मुंबई की आर्थर रोड सेंट्रल जेल में एक बड़ी घटना हुई। कुख्यात गैंगस्टर प्रसाद पुजारी पर जेल के अंदर हमला हुआ। यह घटना रविवार को हुई। मुंबई पुलिस ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई की। प्रसाद पुजारी समेत 7 कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दरअसल जेल में दो गुटों के बीच झगड़ा हुआ, जो कि मारपीट में बदल गया। जेल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दंगा और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस के मुताबिक, जेल के भीतर दो अलग-अलग गुटों के बीच आपसी झगड़ा इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक पहुंच गई। जेल प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत इसकी शिकायत एनएम जोशी पुलिस थाने में दर्ज कराई, जहां पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 194(2) के तहत दंगा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### किन पर दर्ज हुआ मुकदमा?

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में जिन सात कैदियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, उनमें इरफान रहीम खान, शुऐब खान उर्फ भूर्या, अयूब अनुमुद्दीन शेख, मुकेश सीताराम निषाद, लोकेन्द्र उदयसिंह रावत, सिद्धेश संतोष भोसले और गैंगस्टर प्रसाद विट्ठल पुजारी का नाम शामिल है।

### गैंगवार में किसी भी कैदी को गंभीर चोट नहीं

हालांकि, पुलिस और जेल प्रशासन दोनों ने यह स्पष्ट किया है कि इस गैंगवार में किसी भी कैदी को गंभीर चोट नहीं आई है। बावजूद इसके, इस घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जेल प्रशासन ने इस पूरी घटना को लेकर आंतरिक जांच शुरू कर दी है कि आखिर हाई-सिक्योरिटी व्यवस्था के बावजूद ऐसी हिंसा कैसे हुई।

### कौन है प्रसाद पुजारी?

प्रसाद पुजारी का नाम अंडरवर्ल्ड से जुड़ा रहा है। वह दो दशकों से फरार था और अपनी पत्नी के साथ चीन में रह रहा था। ये वहां ट्रैवेल वीजा पर गया था और 2008 में ही वीजा की अवधि समाप्त हो गई थी। लंबे समय तक फरार रहने के बाद उसे मार्च 2024 में चीन से भारत लाया गया था और फिलहाल वह आर्थर रोड जेल में बंद है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उसका पूरा नाम प्रसाद उर्फ सुभाष विट्ठल पुजारी उर्फ सिद्धार्थ शेट्टी उर्फ सिद्धू उर्फ सिड उर्फ जॉनी है।

# राज और उद्धव की पार्टी के कार्यकताओं की गुंडागर्दी, मराठी में बात नहीं करने पर अब यूपी के ऑटो ड्राइवर को पीटा

विरार रेलवे स्टेशन पर ऑटो चालक के साथ मारपीट
मारपीट का कारण मराठी भाषा का अपमान बताया
पुलिस ने अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पालघरः महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक प्रवासी ऑटो-रिक्शा चालक के साथ सार्वजनिक रूप से मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना विरार रेलवे स्टेशन के पास हुई, जहां शिवसेना यूबीटी और मनसे (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना) के समर्थकों ने एक ऑटो चालक को कथित तौर पर मराठी भाषा का अपमान करने पर पीट दिया। यह विवाद उस वीडियो के वायरल होने के बाद शुरू हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश के निवासी भावेश पाडोलिया और एक प्रवासी ऑटो चालक के बीच बहस हो रही थी। वीडियो में ऑटो चालक स्पष्ट रूप से कहता नजर आ रहा है कि मैं हिंदी बोलूंगा, जब उससे पूछा गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोल रहा। पाडोलिया के अनुसार, उसने चालक से सार्वजनिक स्थान पर मराठी का इस्तेमाल न करने को लेकर सवाल किया था। इस पर चालक ने जवाब दिया कि वह हिंदी और भोजपुरी ही बोलेगा।

### शिवसेना यूबीटी और मनसे समर्थकों ने की मारपीट

शनिवार को यह विवाद हिंसक रूप ले बैठा। विरार स्टेशन के पास शिवसेना यूबीटी और मनसे के कार्यकताओं ने उस ऑटो चालक को घेर लिया और उसके साथ सार्वजनिक रूप से मारपीट की। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला कार्यकर्ता भी थप्पड़ मारती नजर आ रही हैं। इसके बाद ऑटो चालक को भावेश पाडोलिया, उनकी बहन और महाराष्ट्र राज्य से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए मजबूर किया गया ।शिवसेना स्टाइल में जवाब दिया गयाः उद्धव गुट नेता

विरार शहर के शिवसेना प्रमुख उदय जाधव ने इस पूरी घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि अगर कोई मराठी भाषा, महाराष्ट्र या मराठी मानुष का अपमान करेगा, तो उसे शिवसेना स्टाइल में जवाब मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि चालक ने महाराष्ट्र का अपमान किया था और उसे सबक सिखाया गया। यह घटना सार्वजनिक रूप से हुई और वीडियो वायरल भी है, लेकिन पालघर पुलिस ने अब तक कोई मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस ने कहा कि हमें वीडियो मिला है और हम जांच कर रहे हैं, लेकिन दोनों पक्षों की ओर से अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# उज्जवल निकम को पीएम ने की कॉल, पूछा मराठी में बात करूं या हिंदी में? भाषा विवाद के बीच मोदी का तगड़ा पंच

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को चुना है, जिनमें वकील उज्ज्वल निकम भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने निकम को फोन करके इस बारे में बताया। उन्होंने मराठी में बात की और राष्ट्रपति के फैसले की जानकारी दी। निकम ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है।

मुंबई : भारत के राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए चार खास लोगों को चुना है। ये लोग हैं मशहूर वकील उज्ज्वल देवराव निकम का नाम भी शामिल है। उज्ज्वल निकम को नामित किए जाने के एक दिन पहले पीएम मोदी ने उन्हें खुद कॉल की थी। मोदी ने सबसे पहले उनसे पूछा कि हिंदी में बात करूं या मराठी में। यह बात भी उन्होंने मराठी में ही पूछी थी। इस दौरान मोदी ने उनसे कहा था कि जब तक उनके नाम का आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं होता, तब तक किसी ने मत बताना ।उज्ज्वल निकम एक जाने-माने वकील हैं। उन्होंने कई बड़े केस लड़े हैं। इनमें 26/11 मुंबई हमले का केस भी शामिल है, जिसमें उन्होंने अजमल कसाब को सजा दिलवाई थी। इसके अलावा, उन्होंने 1993 के बॉम्बे ब्लास्ट केस में भी काम किया था।

### क्या बोले उज्ज्वल निकम

राज्यसभा के लिए मनोनीत होने पर स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि भारत के राष्ट्रपति उन्हें राज्यसभा सदस्य के रूप में मनोनीत करेंगे।



पीएम मोदी ने की उज्जवल से बात

उज्ज्वल निकम को पीएम नरेंद्र मोदी का फोन आया। ढट मोदी ने उनसे मराठी में पूछा, 'मि मराठी बोलूं या हिंदी?' उज्जवल निकम ने कहा, 'जिस टोन में पीएम मोदी ने कहा, मैं हंसने लगा। वह भी हंसने लगे। उन्होंने मुझे बताया कि राष्ट्रपति जी मुझे जिम्मेदारी देने को तैयार हैं, क्या आप जिम्मेदारी उठाने को तैयार हैं?'

### पीएम ने कहा था, कभी किसी को मत बताना

इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति के फैसले के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने उनसे कहा कि राष्ट्रपति उन्हें एक जिम्मेदारी देना चाहती हैं। निकम ने तुरंत हां कह दिया। निकम ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और पार्टी के नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे राज्यसभा सदस्य के रूप में पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाएंगे।

# रोहित पवार के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग में ED की चार्जशीट

## बदले की राजनीति का आरोप, महाराष्ट्र में गरमाई सियासत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणे : शरद पवार के पोते रोहित पवार का नाम एऊ की चार्जशीट में आया है। यह चार्जशीट महाराष्ट्र स्टेट कोऑपरेटिव बैंक घोटाले से जुड़ी है। रोहित पवार का नाम चार्जशीट में आने के बाद सियासत शुरू हो गई है। रोहित पवार ने इसे सरकार की 'बदले की राजनीति' बताया है। उन्होंने कहा कि वे कानूनी लड़ाई के लिए तैयार हैं। वहीं विपक्ष ने बीजेपी पर निशाना साधा ।रोहित पवार का नाम छत्रपति संभाजीनगर में कन्नड़ सहकारी चीनी फैक्ट्री की खरीद से जुड़े मामले में शामिल किया है। यह फैक्ट्री बारामती एग्रो लिमिटेड ने खरीदी थी। इस कंपनी के मालिक रोहित और उनके परिवार के सदस्य हैं। एऊ का कहना है कि यह खरीद नीलामी के जरिए हुई थी। चार्जशीट में नाम शामिल करने से पहले एऊ ने रोहित पवार से पूछताछ भी की थी ।रोहित पवार ने ईडी पर लगाया आरोपघोटाले में मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेस विंग ने अगस्त 2019 में एक ऋकफ दर्ज की थी। ऋकफ में आरोप लगाया गया था कि टरउइ के निदेशकों ने चीनी फैक्ट्री को बहुत कम कीमत पर बेच दिया था। रोहित पवार ने एऊ की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मामले की ऋकफ में मेरा नाम नहीं है। लेकिन एऊ ने ऋकफ में शामिल 97 लोगों को छोड़कर मेरे खिलाफ जांच शुरू कर दी। अब मेरा नाम चार्जशीट में भी डाल दिया है।

बदले की राजनीति का आरोप

रोहित पवार ने कहा कि ऋकफ में जिन 97 लोगों के नाम हैं, उनमें से कुछ इखढ या अजित पवार की ठउढ और एकनाथ शिंदे की शिवसेना से जुड़े हैं। एऊ सिर्फ मुझे निशाना बना रही है। यह सिर्फ बदले की राजनीति है।

# कसाब को दिलवाई फांसी, मुंबई के टॉप वकीलों में नाम

उज्ज्वल निकम 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुकदमे में सरकारी वकील थे। उन्होंने पीड़ितों को न्याय दिलाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें 2016 में कानून के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। पद्म श्री भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला एक प्रतिष्ठित सम्मान है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को मनोनीत किया है। इनमें से एक नाम उज्ज्वल निकम का है। शनिवार, 12 जुलाई 2025 की सरकारी अधिसूचना में उज्जवल निकम को राज्यसभा भेजने की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि पहले मनोनीत सदस्यों के रिटायर होने से खाली हुई सीटों को भरने के लिए यह फैसला लिया गया है। उज्ज्वल निकम 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मामले में स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर थे। उज्ज्वल निकम के अलावा तीन और लोगों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। इनमें अनुभवी राजनयिक हर्ष वर्धन श्रृंगला, इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन और केरल के शिक्षक और समाज सेवक सी. सदानंदन मास्टर शामिल हैं।

### जलगांव में हुई जन्म

उज्ज्वल निकम भारत के जाने-माने वकील हैं। उन्हें 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुकदमे और कई अन्य बड़े आपराधिक मामलों में काम करने के लिए जाना जाता है। वह महाराष्ट्र के जलगांव के रहने वाले हैं। वे एक साधारण परिवार से हैं। अपनी मेहनत और लगन से वे देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक बन गए हैं।

### गुलशन कुमार हत्याकांड में भी थे वकील

अपने करियर में निकम ने कई बड़े आपराधिक मामलों में काम किया है। इससे उन्होंने अपनी एक मजबूत पहचान बनाई है। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुकदमे के अलावा, निकम ने गुलशन कुमार हत्याकांड और बीजेपी नेता प्रमोद महाजन की हत्या के मुकदमे में भी पैरवी की है।

### मिल चुका है पद्मश्री

उन्होंने कई आतंकी मामलों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें 1991 का कल्याण बम धमाका, 1993 का मुंबई सीरियल ब्लास्ट और 2003 का गेटवे ऑफ इंडिया बम धमाका शामिल हैं। उज्जवल निकम को 2016 में भारत सरकार ने पद्म श्री से सम्मानित किया था। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया था।

### लड़ चुके हैं लोकसभा चुनाव

पिछले साल हुए आम चुनाव में उज्जवल निकम ने राजनीति में भी अपनी किस्मत आजमाई थी। बीजेपी ने उन्हें मुंबई नॉर्थ सेंट्रल लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़ से हार का सामना करना पड़ा।

# जयंत पाटील के इस्तीफे पर सस्पेंस, जितेंद्र आव्हाड ने किया खारिज

शरद पवार की पार्टी एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक जयंत पाटील के इस्तीफा देने का मामला गरम है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि जयंत पाटील ने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन उन्हीं की पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक जितेंद्र आव्हाड ने इस खबर को सिरे से खारिज कर दिया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः शरद पवार की पार्टी एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक जयंत पाटील के इस्तीफा देने का मामला गरम है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि जयंत पाटील ने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन उन्हीं की पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक जितेंद्र आव्हाड ने इस खबर को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि पाटील के इस्तीफे की बात शरारतपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि जयंत पाटिल अभी भी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं ।विधायक जयंत पाटील के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की बात इसलिए भी अहम है क्योंकि लंबे समय से चर्चा चल रही है कि वह शरद पवार की एनसीपी छोड़ना चाहते हैं। उनके बारे में कहा जा रहा है कि वे अजित पवार की एनसीपी या फिर बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। जयंत पाटील के खिलाफ पार्टी के अंदर ही भारी विरोध है। पुणे के बालगंधर्व रंगमंदिर में 10 जून को आयोजित पार्टी के 26वें स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील ने सार्वजनिक रूप से पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की इच्छा जताई थी। उन्होंने पार्टी प्रमुख शरद पवार से किसी नए चेहरे को मौका देने का अनुरोध भी किया था। उनके संबोधन के दौरान उनके समर्थन और विरोध में नारे लगाए गए थे। तब से पार्टी के अंदर चर्चा थी कि जयंत पाटील खुद को अब शरद पवार की एनसीपी में असहज महसूस कर रहे हैं ।शनिवार को खबर उड़ी कि जयंत पाटील ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है और उनकी जगह पर शशिकांत शिंदे को पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया है। शशिकांत शिंदे मंगलवार को कार्यभार संभालेंगे। शिंदे को शरद पवार का सबसे भरोसेमंद माना जाता है। शशिकांत शिंदे सतारा के कोरेगांव विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे इस क्षेत्र से दो बार के विधायक रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने सतारा सीट से चुनाव लड़ा था। उदयनराजे भोसले के सामने वे हार गए थे। पाटील का इस्तीफा और शशिकांत शिंदे के नए अध्यक्ष बनाने की खबर को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। पार्टी की तरफ से जितेंद्र आव्हाड ने खबर को सही नहीं बताया। जयंत पाटील से कई बार संपर्क किया लेकिन उन्होंने कॉल नहीं उठाया जिससे इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। अजित पवार की पार्टी में स्वागत है- जगतापउपमुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी के विधायक संग्राम जगताप ने विधायक जयंत पाटील को सीधे तौर पर अपनी पार्टी में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि अगर जयंत पाटील उपमुख्यमंत्री अजित पवार का नेतृत्व स्वीकार करते हैं और हमारी पार्टी में शामिल होते हैं, तो हम सभी उनका स्वागत करेंगे।

# अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी

## डंपर से 6 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद, बिहार का तस्कर हथियार के साथ गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

देवरिया, जिले में ऑपरेशन प्रहार के तहत सलेमपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रविवार को बिगही के पास सोनू ढाबा के निकट से एक डंपर को रोका। तलाशी में डंपर से ऑफिसर्स च्वाइस ब्रांड की 103 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यह शराब बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस ने मौके से अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान बिहार के सिवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के बभनौली निवासी निजामुद्दीन के रूप में हुई। वह आबिद हुसैन का पुत्र है। आरोपी के पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस भी मिला। थाना सलेमपुर में आरोपी के खिलाफ धारा 341(2) बीएनएस, 60 आबकारी अधिनियम और 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बरामद शराब की कीमत लगभग 6 लाख रुपये है। जब्त किए गए डंपर की कीमत भी लाखों में बताई जा रही है। क्षेत्राधिकारी दीपक शुक्ल के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



# शराब बिक्री लाइसेंस खोलने का राकांपा विधायक ने किया कड़ा विरोध

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , वर्ष 1974 में तत्कालीन सरकार ने शराब बिक्री लाइसेंस खोलने का फैसला किया था। मृणालताई गोरे , अहिल्याबाई रंगणेकर, मधु दंडवते आदि ने इसके खिलाफ राज्य में विरोध किया था। उस समय सरकार ने यह फैसला वापस ले लिया था। अब 50 साल बाद राज्य में लगभग 328 शराब की दुकानों को लाइसेंस दिए जाएँगे। लड़की बहिन योजना के कारण महाराष्ट्र के खजाने पर पड़ने वाले बोझ को कम करने और राजस्व बढ़ाने के लिए, इस सरकार ने प्यारी बहनों के पतियों, पिताओं और भाइयों को ठगने का फैसला किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने सरकार की शराब नीति का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि अपने बहुमत के बल पर सत्ता प्राप्त करने वाली यह सत्तालोलुप सरकार साधु-संतों के महाराष्ट्र को नशे में धुत करने जा रही है। राज्य सरकार ने राजस्व बढ़ाने के लिए शराब बिक्री लाइसेंस खोलने का फैसला किया है। डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने इस फैसले का कड़ा विरोध किया। उन्होंने लोगों से इस फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरने की अपील भी की। पचास साल पहले शराब बिक्री लाइसेंस बंद कर दिए गए थे। लेकिन, अब इन्हें फिर से खोलकर, तथाकथित 'जनहित में फैसले' लेने वाली सरकार के खिलाफ कोई नहीं बोलता, यह सरकार महाराष्ट्र की जनता को नशे में रहने का प्रस्ताव रख रही है। पचास साल पहले के लाइसेंस 15 करोड़ रुपये में बिक रहे हैं। अब ये नए लाइसेंस एक-एक करोड़ रुपये में बिकने वाले हैं। और जिन 47 कंपनियों को ये लाइसेंस दिए जाने हैं, उनके निदेशक कौन हैं, इसकी जाँच करें, ऐसा कहते हुए डॉ. आव्हाड ने 47 कंपनियों की सूची पढ़ी। इन कंपनियों के निदेशकों ने मंत्रालय की पहली मंजिल से छठी मंजिल तक डेरा डाल रखा है। अपने फायदे के लिए, सत्ता हासिल करने वाली यह सरकार बहुमत की ताकत से महाराष्ट्र को गटर में फेंक रही है। इसलिए इस सरकार की पहचान मैकडॉनल्ड्स, जॉनी वॉकर होंगे। जैसे मृणाल गोरे ने 1974 में शराब नीति को पलट दिया था। अब भी ऐसा ही होगा, राज्य में जनता का गुस्सा फूटेगा। महाराष्ट्र बदमाशों की धरती नहीं है। महाराष्ट्र संत ज्ञानेश्वर, संत तुकाराम, संत तुकड़ोजी महाराज, संत गाडगे बाबा की धरती है। इसलिए अगर इस तरह के शराब के लाइसेंस दिए जा रहे हैं, तो हम इसे स्वीकार नहीं करते। डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने यह भी चेतावनी दी कि अगर सरकार के पास 240 सदस्यों का बहुमत है, तो लोग अपनी आँखें खोल देंगे जो इस समय बंद हो गई हैं।



नियमों के अनुसार, छतों पर शराब नहीं बेची जा सकती। लेकिन, इस समय इतने बड़े पैमाने पर शराब की बिक्री चल रही है। येऊर में संजय गांधी राष्ट्रीय अभयारण्य में भी शराब बेची जा रही है, राज्य के आबकारी विभाग ने यहां लाइसेंस कैसे दिए? आबकारी विभाग पिछले कई सालों से चुपचाप पैसा खा रहा है, यह सवाल पूछ रहा है। लेकिन, महाराष्ट्र को बर्बाद करके वह कितना पैसा खाएगा? क्या वह मरते समय यह पैसा अपने साथ ले जाएगा? लोगों को पानी न मिले तो कोई बात नहीं, लेकिन हर घर में शराब उपलब्ध होनी चाहिए, यही इस सरकार की नीति है। खाली खजाने को भरने के लिए महाराष्ट्र को बेच दिया गया है। अब गेटवे ऑफ इंडिया को भी बेच दो, ऐसा डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा है।

फास्ट ट्रैक

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

### मिस्त्री घायल, आटो ठीक कराकर शहर छोड़ने लौटते समय हादसा

शाहजहांपुर, एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना थाना तिलहर क्षेत्र के नगला गांव के पास हुई। बंथरा निवासी अजीत कुमार सिंह खेती-बाड़ी के साथ आटो चलवाकर अपना गुजारा करते थे। शनिवार को उनका आटो खराब हो गया। उन्होंने बरेली मोड़ से एक मिस्त्री को बुलाकर आटो की मरम्मत कराई। जब वे मिस्त्री को वापस छोड़ने जा रहे थे, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अजीत की मौके पर मौत हो गई। मिस्त्री घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने अजीत को मृत घोषित कर दिया। घायल मिस्त्री का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

### पति ने मांगे 5 लाख और बाइक, विरोध पर मायके वालों से भी मारपीट

शाहजहांपुर, दहेज की मांग पूरी न होने पर एक महिला को उसके पति ने घर से निकाल दिया। थाना तिलहर क्षेत्र की रहने वाली हरप्रीत कौर की शादी 2017 में जैतीपुर के संदीप सिंह से हुई थी। पीड़िता के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन पति और ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। वे एक मोटरसाइकिल और पांच लाख रुपए की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। मना करने पर पीड़िता के साथ मारपीट की जाती थी। 29 जून को नशे में धुत पति ने दहेज की मांग को लेकर पत्नी के साथ मारपीट की। उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने मायके वालों को फोन कर बुलाया। जब मायके पक्ष के लोग उसे लेने पहुंचे, तो पति और ससुराल वालों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर पीड़िता बिना बाइक और पैसों के ससुराल आई, तो उस पर डीजल डालकर आग लगा दी जाएगी। पीड़िता ने कई बार समझौते की कोशिश की, लेकिन आरोपी नहीं माने। पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

## शराब पीकर सिगरेट फेंकने से लगी आग की आशंका

### जलालाबाद में किराना व्यापारी के गोदाम में आग, 10 लाख का सामान जला

शाहजहांपुर , जलालाबाद में मोहल्ला रमजान नगर स्थित एक किराना व्यापारी के गोदाम में शनिवार रात करीब 11 बजे आग लग गई। व्यापारी सर्वेश के गोदाम में लगी इस आग की सूचना पड़ोसी ने फोन पर दी। मौके पर पहुंचने पर स्टोर धू-धू कर जल रहा था और पूरे इलाके में धुआं फैल गया था। सूचना मिलने के करीब 2 घंटे बाद जलालाबाद से एक और शाहजहांपुर से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। इससे पहले आसपास के घरों से पानी के पाइप जोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया गया। सर्वेश ने बताया कि गोदाम में 40 बोरी चीनी, 20 बोरी सोयाबीन बड़ी, 20 बोरी मैदा, 250 पेटी साबुन और 300 पेटी बिस्कुट के साथ बड़ी मात्रा में माचिस, मेवा और मसाले रखे थे। आग से करीब 10 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा है। व्यापारी का कहना है कि शाम को कुछ अराजक तत्व सुनसान जगह का फायदा उठाकर स्टोर के पास शराब और सिगरेट पीते हैं।

# शास्त्रीनगर में मनपा उपायुक्त के आशीर्वाद से अनाधिकृत मकानों और चालों का निर्माण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , शास्त्रीनगर में ठाणे मनपा के आरक्षित खाली भूखंडों पर भू-माफिया अनाधिकृत मकान और चालें बनाकर कब्जा कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इन अनाधिकृत निमार्णों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और भूखंड खाली करने का आदेश दिया था। हालाँकि, इसी विभाग के स्थानीय पूर्व वरिष्ठ नगर सेवक और पूर्व विपक्षी दल के नेता हनमंत जगदाले ने उपमुख्यमंत्री के आदेश को ठेंगा दिखाने के लिए मनपा के अतिक्रमण एवं बेदखली विभाग के अधिकारियों की कड़ी आलोचना की है। हनमंत जगदाले ने चेतावनी दी है कि अगर अनाधिकृत निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे प्रभाग समिति के खिलाफ फिर से धरना देंगे। ठाणे मनपा के शास्त्रीनगर संभाग में महत्वपूर्ण स्थानों पर खाली भूखंड हैं। पिछले कई वर्षों से इन भूखंडों पर भू-माफियाओं की नजर है। स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि अतिक्रमण रोकने के लिए इन भूखंडों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। इन भूखंडों पर वरिष्ठ नागरिकों के आवास, स्वास्थ्य केंद्र, डीपी रोड बनाने की योजना है। कार्य आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। हालाँकि, ठाणे मनपा के अधिकारियों के आशीर्वाद से अनधिकृत निर्माण कार्य चल रहा था, इसलिए नवंबर 2024 में हनमंत जगदाले के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने लोकमान्य नगर-सावरकर नगर प्रभाग समिति में विरोध प्रदर्शन किया। अतिक्रमण के संबंध में तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से शिकायत की गई थी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मनपा प्रशासन को फोन पर बेदखली की कार्रवाई करने का आदेश दिया था। हालाँकि, ठाणे मनपा के अतिक्रमण और बेदखली विभाग के उपायुक्त शंकर पटोले और संबंधित अधिकारियों द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया गया है, जिससे भू-माफियाओं को खुली छूट मिल गई है। शास्त्रीनगर में इन सभी खाली भूखंडों पर अनधिकृत घर और चाल बनाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। साथ ही, बड़े नाले के किनारे चालों के निर्माण से भविष्य में बड़ी दुर्घटना होने का डर है। इन अनधिकृत निमार्णों पर तुरंत कार्रवाई करें और भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें, अन्यथा स्थानीय लोग प्रभाग समिति और मनपा मुख्यालय पर मोर्चा निकालेंगे, ऐसी चेतावनी हनमंत जगदाले ने दी है।




## बिजली बिल वसूली के लिए डीह पहुंचे अधिकारी

### ग्रामीणों ने बताई खराब बिजली व्यवस्था, अधिकारियों ने दिया समाधान का आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, जिले के डीह क्षेत्र में बिजली बिल वसूली के लिए पहुंचे अधिकारियों को ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था की समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें रोजाना बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। रमाशंकर, रामसुमेर, रामसमुझ और देशराज सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बिजली बिल भुगतान पर सहमति जताई। साथ ही उन्होंने बिजली आपूर्ति में लगातार व्यवधान का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आने पर भी वह सिर्फ सिंगल फेज में आती है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने बिजली व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही क्षेत्र के लोगों को बिजली संबंधी परेशानियों से निजात मिल जाएगी। ग्रामीणों ने अधिकारियों के आश्वासन पर संतोष व्यक्त किया।

# आकाशीय बिजली से एक की मौत, एक घायल



❍ खेत में मेड़ बांधने जाते समय हादसा, महिला झुलसी; तहसीलदार ने किया मदद का वादा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, सलोन में आकाशीय बिजली गिरने से दो अलग-अलग स्थानों पर हादसे हुए। परसदेपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 में 60 वर्षीय मोहम्मद याकूब की मौत हो गई। वह दोपहर करीब 1 बजे खेत में मेड़ बांधने जा रहे थे। वार्ड नंबर 2 में 65 वर्षीय रामकली अपने रिश्तेदार विकास के साथ खेत जा रही थीं। रामराजी गेट के पास बिजली गिरने से वह झुलस गईं। उन्हें पहले सीएचसी सलोन ले जाया गया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों की टीम उनके इलाज में जुटी है। मृतक याकूब के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। वहीं घायल रामकली के दो बेटे और तीन बेटियां हैं। तहसीलदार दीपिका सिंह ने दोनों पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को सरकारी मदद का आश्वासन दिया। मृतक के परिवार को पोस्टमार्टम कराने के लिए समझाया। सहायता राशि के लिए लेखपाल सीतेश सिंह को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।


# दिल्ली से लौटी युवती ने की आत्महत्या

❍ शाहजहांपुर में कमरे में फंदे से लटका मिला शव, परिवार के लोग सत्संग सुनने गए थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना आरसी मिशन क्षेत्र में एक 24 वर्षीय युवती ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान ख्वाजा फिरोज की रहने वाली निधी के रूप में हुई है। निधी पिछले दो साल से दिल्ली में प्राइवेट जॉब कर रही थी। वह तीन दिन पहले घर आई थी और यहां एक कोचिंग में नौकरी शुरू की थी। जब उनके पिता यशपाल और मां सरोजनी परिवार के साथ सत्संग में गए थे, तब निधी घर में अकेली थी। घटना की जानकारी परिवार के छोटे बच्चों ने दी। उन्होंने शव को लटका देखकर निधी के पिता को फोन किया। परिवार के पहुंचने पर शव को उतारा गया और पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पिता के अनुसार, निधी पढ़ाई में अच्छी थी और उसने बीबीए किया था। वह पहले हरदोई की एक बैंक में काम कर चुकी थी और पुलिस भर्ती की परीक्षा भी दे चुकी थी। सत्संग जाने से पहले निधी ने परिवार को चाय पिलाई थी और सब कुछ सामान्य लग रहा था। परिवार इस साल उसकी शादी की योजना बना रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

### मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत का मामला; दो की तलाश जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, जमालपुर में विक्सी चौराहे के पास गैर इरादतन हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना लठिया सहिजनी गांव में हुई थी। मारपीट में घायल हुए 35 वर्षीय सूरज विश्वकर्मा का वाराणसी के ट्रामा सेंटर में शनिवार को मौत हो गई थी। मृतक के पिता कन्हैया विश्वकर्मा की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने लठिया सहिजनी के रहने वाले चंद्रशेखर विश्वकर्मा और चंद्रभान विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। चंद्रशेखर विश्वकर्मा सुरेश विश्वकर्मा के पुत्र हैं। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# राजपूत करणी सेना में हुई नई नियुक्तियां

## विवेक सिंह बने जिला सचिव, रवि प्रताप सिंह सिटी ब्लॉक अध्यक्ष

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, मिर्जापुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने संगठन विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। विवेक सिंह राजपूत को जिला सचिव और रवि प्रताप सिंह को सिटी ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। करणी सेना का मुख्य उद्देश्य राजपूत समाज को एकजुट करना और उनके सुख-दुख में साथ देना है। संगठन अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। जल्द ही जिले में और भी पदाधिकारियों की नियुक्तियां की जाएंगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार, युवा जिला अध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह प्रांजल और वरिष्ठ जिला इंस्पेक्टर शिवम सिंह समेत कई पदाधिकारियों ने बधाई दी। इनमें प्रिंस सिंह, युवराज सिंह, सुधीर सिंह, दिव्यांशु सिंह, अभिषेक सिंह, धवल मंगल सिंह, अवनीश सिंह, प्रीतम सिंह, नीरज सिंह, भान सिंह, वीरू सिंह, प्रभु रतन सिंह, राजीव सिंह और राजेश सिंह शामिल है। जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने आशा व्यक्त की है कि नए पदाधिकारी संगठन के विस्तार में सहयोग करेंगे।



## नाबालिग लड़की ने फांसी लगाई

### एक महिला की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, कांट थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में 17 वर्षीय एक लड़की ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों ने उसका शव कमरे में लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। जांच में पता चला कि लड़की करीब डेढ़ महीने पहले दूसरे समुदाय के एक युवक के साथ भाग गई थी। परिवार ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। कोर्ट में बयान दर्ज होने के बाद लड़की को परिवार को सौंप दिया गया था और आरोपी को जेल भेज दिया गया था। दूसरी घटना रसेन गांव की है। यहां 60 वर्षीय चंद्रकांती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि जमीन विवाद में ताऊ पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर घर आए थे। उन्होंने चंद्रकांती के पेट पर लात मारी थी। इससे उन्हें चोट आई और घबराहट के कारण मौत हो गई। इस मामले में एक अन्य पहलू भी है। करीब एक महीने पहले दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली थी। उस प्रकरण में मृतका के परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह के अनुसार दोनों घटनाओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा

## एसपी ने जलालाबाद में रूट का निरीक्षण किया, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार के साथ आगामी सावन माह की कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने थाना जलालाबाद क्षेत्र के कोला मोड़, महाराणा प्रताप चौक और 12 पत्थर नगरिया प्रमुख कांवड़ रूटों का स्थलीय निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने यात्रा मार्ग पर बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और प्राथमिक उपचार की सुविधाओं की भी जांच की। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी मॉनीटरिंग और ड्रोन कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। यात्रा मार्ग में नो पार्किंग जोन और ट्रैफिक डायवर्जन प्लान को मजबूत किया जाएगा। कांवड़ियों को पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा और विश्राम स्थल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने रास्ते में मिले कांवड़ यात्रियों से उनका हाल-चाल भी पूछा। इस दौरान थाना प्रभारी राजीव कुमार भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि फरुर्खाबाद, मैनपुरी, एटा और इटावा के श्रद्धालु पांचाल घाट फरुर्खाबाद एवं ढाई घाट शाहजहांपुर से गंगाजल लेकर गोला गोकर्णनाथ जाते हैं।

ये सभी कांवड़ यात्री जलालाबाद और अल्लाहगंज थाना क्षेत्र से होकर गुजरते हैं।



## जल जीवन मिशन में लापरवाही, कागजों में काम पूरा

❍ एडीएम ने खुद फावड़े से की जांच, पाइप लीकेज मिले; घरों में नही मिले कनेक्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुवायां क्षेत्र के जठियापुर बुजुर्ग गांव में जल जीवन मिशन की पोल उस वक्त खुल गई, जब एडीएम अरविंद कुमार ने खुद मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और फावड़े से खुदाई कर पाइपलाइन की स्थिति की जांच की। ग्रामीणों की शिकायत पर की गई इस जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। करीब तीन साल पहले शुरू हुआ ओवरहेड टैंक का निर्माण अभी तक अधूरा पड़ा है। गांव के कई हिस्सों में अब तक पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है। गिरिजा शंकर, केदार नाथ, टिंकू समेत चार लोगों की गलियों में पाइपलाइन का नामोनिशान नहीं मिला। जहां पाइपलाइन बिछाई गई है, वहां भी हालात ठीक नहीं हैं। जगदीश, अयोध्या प्रसाद, कालीचरण और भागवत के घरों के पास पाइपलाइन फटी हुई पाई गई। गांव के मुख्य चौराहे समेत करीब 12 स्थानों पर लीकेज की स्थिति मिली। नियमों के मुताबिक साढ़े तीन फीट की गहराई में बिछाई जाने वाली पाइपलाइन महज छह इंच की गहराई पर डाली गई थी। कुछ घरों के सामने केवल पाइप बिछा दिए गए हैं, लेकिन टोटियां नहीं लगाई गईं, जिससे गलियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस ओवरहेड टैंक के जरिए आसपास के चार गांवों को पानी आपूर्ति की योजना थी, लेकिन यह अब तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। कागजों में पूरे गांव में पाइपलाइन और कनेक्शन दिखाए गए हैं, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।



भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिका ने चीन पर हमला किया तो कौन साथ देगा

## ट्रम्प प्रशासन ने सहयोगी देशों से पूछा- जापान खामोश, ऑस्ट्रेलिया बोला- काल्पनिक सवालों का जवाब नहीं

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका ने ताइवान को लेकर चीन से संभावित जंग की स्थिति में अपने सहयोगी देशों का रवैया जानने के लिए ऑस्ट्रेलिया और जापान से बातचीत की है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिका के रक्षा विभाग के एक बड़े अधिकारी एल्ब्रिज कॉल्बी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और जापान के रक्षा अधिकारियों से इस बारे में कई जरूरी मीटिंग की हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने साफ कहा कि वह अभी यह नहीं कह सकता कि अगर ताइवान को लेकर जंग होती है तो वह अमेरिका के साथ होगा या नहीं। वहीं, जापान की ओर से इस पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। अमेरिकी अधिकारी कोल्बी ने कहा कि यूरोप और एशिया में अमेरिका के सहयोगी देश अपनी सेनाओं पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। ट्रम्प की प्लान



इन देशों में सफल हुआ है। कोल्बी ने कहा कि कुछ देश खुल कर इस बातचीत से बचना चाहते हैं। लेकिन हाल ही में हेग में हुए नाटो समिट के बाद कई देशों ने यह समझा है कि अब मिलकर काम करना जरूरी हो गया है, और वे ऐसा कर भी रहे हैं। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरोय ने कहा कि उनका देश ऐसे 'काल्पनिक हालातों' पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करता। हालांकि, कॉनरोय ने चीन की सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि चीन प्रशांत द्वीप में मिलिट्री बेस बनाने की कोशिश कर रहा है, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए ठीक नहीं है। ऑस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है और इसके लिए बातचीत कर रहा है। आस्ट्रेलियाई मंत्री का यह बयान सिडनी हार्बर में अमेरिका के साथ देश के सबसे बड़े युद्ध अभ्यास से पहले आया है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज शनिवार को चीन की 6 दिन की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। चीन पहुंचने के बाद पीएम अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, ताइवान पर कोई बात नहीं करेगा। उनका मकसद ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच व्यापार को मजबूत करना है। इस यात्रा के दौरान अल्बनीज चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली कियांग और संसद के अध्यक्ष झाओ लेजी से भी मिलेंगे।

साल 2022 में सत्ता में आने के बाद अल्बनीज की यह दूसरी चीन यात्रा है। उनकी सरकार ने चीन के साथ बिगड़े हुए रिश्तों को सुधारने के लिए काम किया है। पिछली ऑस्ट्रेलियाई सरकार के समय चीन ने कई व्यापारिक पाबंदियां लगा दी थीं, जिससे ऑस्ट्रेलिया को हर साल अरबों डॉलर का नुकसान हुआ था।

लेकिन अल्बानीज ने कुछ प्रमुख व्यापारिक रुकावटें हटवाने में सफलता पाई है। अल्बनीज चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया पूरी तरह से चीन पर निर्भर न रहे, इसलिए उन्होंने भारत, इंडोनेशिया और आसियान देशों के साथ व्यापारिक रिश्ते बढ़ाने पर जोर दिया है।

उन्होंने कहा कि चीन के साथ हमारे रिश्ते जरूरी हैं, लेकिन जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ भी हमारे मजबूत रिश्ते हैं।

# रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को चेतावनी दी

## कहा- नॉर्थ कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाएं

एजेंसी

प्योंगयांग, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को चेतावनी दी है कि वे नॉर्थ कोरिया को निशाना बनाकर कोई सिक्योरिटी अलायंस या सैन्य गठबंधन न बनाएं। लावरोव नॉर्थ कोरिया के शहर वॉनसान में थे। इस दौरान वे नॉर्थ कोरियाई नेता किम जोंग उन से मिले। इसके अलावा उन्होंने नॉर्थ कोरिया की विदेश मंत्री चोई सोन भी मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद लावरोव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान नॉर्थ कोरिया के चारों तरफ सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। लावरोव तीन दिन



की यात्रा पर शुक्रवार को नॉर्थ कोरिया पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने अपने नॉर्थ कोरियाई समकक्ष चोई सोन हुई से मुलाकात की। लावरोव ने कहा कि रूस समझता है कि नॉर्थ कोरिया क्यों परमाणु हथियार विकसित कर रहा है।

रूसी एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक लावरोव ने यूक्रेन जंग की स्थिति को लेकर भी कोरियाई नेताओं से बात की। नॉर्थ कोरिया ने रूस को यूक्रेन जंग में सैनिक और हथियार मुहैया कराए हैं। इसके बदले में नॉर्थ कोरिया को रूस से सैन्य और आर्थिक मदद मिली है। यूक्रेनी खुफिया एजेंसी के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया रूस की सैन्य कार्रवाई में मदद के लिए 25 से 30 हजार सैनिक और भेजने की तैयारी में है। पिछले साल उसने करीब 11 हजार सैनिक रूस भेजे थे। नॉर्थ कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, किम जोंग उन ने रूस-यूक्रेन जंग में रूस की कार्रवाइयों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्योंगयांग और मास्को की रणनीतिक मुद्दों पर एक जैसी सोच है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन पिछले साल नॉर्थ कोरिया के दौरे पर थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच एक नई डीफेंस डील हुई। डील के मुताबिक अब अगर किसी भी देश ने उत्तर कोरिया या फिर रूस पर हमला किया तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा।


ऐसे में दोनों देश मिलकर लड़ेंगे। किम जोंग उन ने नए डिफेंस डील को एलायंस नाम दिया है। नॉर्थ कोरिया और रूस के बीच हुई इस डिफेंस डील का साउथ कोरिया ने विरोध भी किया था। साउथ कोरिया, अमेरिका और अन्य देशों को आशंका है कि रूस नॉर्थ कोरिया को ऐसी संवेदनशील तकनीक दे सकता है जिससे उसके परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बढ़ावा मिल सकता है।

# ईरान के राष्ट्रपति इजराइली हमले में घायल हुए थे

## मीटिंग के दौरान इजराइली सेना ने 6 मिसाइलें दागीं, इमरजेंसी गेट से भागे

एजेंसी

तेहरान, ईरान और इजराइल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक जंग हुई थी। इस दौरान 16 जून को इजराइल के हमले में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान घायल हो गए थे। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में एक इमारत पर 6 मिसाइलों से हमला किया था। उस समय इमारत में देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी। बैठक में राष्ट्रपति पजशकियान के साथ ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम-हुसैन मोहसेनी एजेई और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। हालांकि ये सभी इमारत की निचली मंजिल में मौजूद थे, इसलिए हमले का उन पर बहुत असर नहीं हुआ। लिहाजा सभी इमरजेंसी गेट से भागने में कामयाब रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल, राष्ट्रपति पजशकियान को नसरल्लाह की तरह मारना चाहता था। इजराइल ने 1 अक्टूबर 2024 को बेरूत में नसरल्लाह के सीक्रेट बंकर पर हमला किया था। वह हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे। 64 साल के नसरल्लाह की जहरीले धुएं में दम घुटने से मौत हो गई थी। इस बार भी इजराइली मिसाइलों ने खास तौर पर इमारत के आने-जाने के रास्तों और वेंटिलेशन सिस्टम को निशाना बनाया था, ताकि अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने से रोका जा सके



और उन्हें दम घोंटू माहौल में फंसाया जा सके। हमले के बाद इमारत की बिजली भी काट दी गई, लेकिन वहां पहले से बनाए गए एक इमरजेंसी गेट की मदद से राष्ट्रपति और बाकी बड़े अधिकारी बाहर निकलने में सफल रहे। भागने के दौरान राष्ट्रपति पजशकियान के पांव में चोट लग गई थी। वहीं, दूसरे अधिकारियों को भी हल्की चोटें आईं। कुछ दिन बाद, राष्ट्रपति पजशकियान ने 7 जुलाई को दिए एक इंटरव्यू में यह साफ तौर पर कहा था कि इजराइल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहा। राष्ट्रपति ने अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन को बताया कि इजराइली सेना ने जासूसों की मदद से उस जगह की जानकारी हासिल की, जहां वे बैठक कर रहे थे और फिर उसी जगह बमबारी की। फार्स एजेंसी ने बताया कि इजराइल के पास उस इमारत के बारे में जो सटीक जानकारी थी, वह बहुत चौंकाने वाली है। इसलिए ईरानी अधिकारी अब यह जांच कर रहे हैं कि कहीं इजराइल को अंदर से कोई जानकारी तो नहीं मिली। हालांकि रिपोर्ट में हमले की सटीक जगह नहीं बताई गई, लेकिन ईरान इंटरनेशनल नाम की एक स्वतंत्र मीडिया संस्था ने यह दावा किया कि 16 जून को तेहरान के शाहरक-ए-गर्ब इलाके में इमारत पर हमला हुआ था। उसी संस्था की एक और रिपोर्ट में आईआरजीसी के जनरल मोहसेन रेजाई के हवाले से बताया गया कि इजराइल ने वास्तव में उस स्थान पर हमला किया था जहां राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक चल रही थी।

हालांकि इसमें किसी भी अधिकारी को गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा। इजराइल और ईरान के बीच चले 12 दिन लंबे युद्ध में इजराइल ने कई टॉप ईरानी सैन्य कमांडरों और वैज्ञानिकों को मार गिराया था। न्यूक्लियर प्रोग्राम को रोकने के लिए इजराइल का हमला इजराइल की ओर से यह हमले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर 60 दिनों की डेडलाइन देने के एक दिन बाद शुरू हुए।

# पाकिस्तान में इमरान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू

## पीटीआई पार्टी नेताओं ने लाहौर में बैठक की; 5 अगस्त को चरम पर होगा

एजेंसी

लाहौर, पाकिस्तान में विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अपने संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। शनिवार को पार्टी के शीर्ष नेता लाहौर पहुंचे, जहां से यह आंदोलन औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गांदापुर ने इसे आंदोलन की आधिकारिक शुरूआत बताया और कहा कि



5 अगस्त तक यह प्रदर्शन चरम पर पहुंचाया जाएगा। शनिवार को पीटीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान, केपी के सीएम गांदापुर, और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता मलिक अहमद खान भचर लाहौर पहुंचे। इससे पहले इस्लामाबाद में पार्टी नेताओं की बैठक हुई, जिसमें पंजाब विधानसभा से निलंबित 26 विधायकों की स्थिति और आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इमरान खान को बिना किसी वैध वजह के जेल में रखा गया है। गांदापुर ने सभी प्रांतों में स्थानीय मुद्दों के आधार पर प्रदर्शन तेज करने की मांग की। प्रदर्शन से पहले ही पंजाब पुलिस ने शाहदरा मोड़ और अन्य इलाकों में पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर छापे मारे और 5 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। पाकिस्तान की एक कोर्ट ने 16 जनवरी को को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले में सजा सुनाई थी। डॉन की खबर के मुताबिक इमरान को 14 और बुशरा को 7 साल की सजा मिली। दोनों पर राष्ट्रीय खजाने को 50 अरब पाकिस्तानी रूपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे थे। दोनों ने बुशरा बीबी के अल-कादिर ट्रस्ट के लिए पाकिस्तान सरकार की अरबों रुपए की जमीन सस्ते में बेच दिया था। इस मामले में इमरान को 9 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

# हरियाणा के नूंह में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

## ब्रजमंडल यात्रा को लेकर सरकार ने दिए आदेश; बल्क रटर पर भी रोक रहेगी



एजेंसी

नूंह,हरियाणा के नूंह (मेवात) में कल होने वाली ब्रजमंडल यात्रा को देखते हुए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इस दौरान बल्क रटर की सेवाएं भी सस्पेंड रहेंगी। यह आदेश 13 जुलाई की रात 9 बजे से 14 जुलाई रात 9 बजे तक यानी 24 घंटे के लिए लागू रहेंगे। हालांकि इस दौरान बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज से जुड़ी रटर सुविधाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव के मुताबिक कानून व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए यह आदेश दिए गए हैं ।वहीं सरकार ने हिंसा के आरोपी रहे फरीदाबाद के हिंदू संगठन के नेता बिट्?टू बजरंगी के भी यात्रा में शामिल होने पर रोक लगा दी है। नूंह प्रशासन ने उसे इजाजत नहीं दी है। जिसको लेकर बिट्?टू बजरंगी ने हाईकोर्ट में भी याचिका दायर कर रखी है ।बता दें कि साल 2023 में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान नूंह में हिंसा हो गई थी। जिसमें कुछ लोगों की मौत भी हुई थी। इसके बाद कल (14 जुलाई) को होने वाली यात्रा को लेकर कोई अफवाह न फैलें, इस वजह से सरकार ने पाबंदी लगाई है ।इसके अलावा उट नायब सैनी ने यात्रा के रूट पर आने वाली मीट की दुकानें और मीट की फैक्ट्री भी बंद रखने के ऑर्डर जारी किए हैं। सुरक्षा के लिहाज से ढ़ाई हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा इस बार नाके भी बढ़ाए गए हैं ।नूंह पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कीब्रजमंडल यात्रा में कोई खलल न पड़े और लोगों को भी कोई असुविधा न हो, इसके लिए रूट डायवर्ट किए गए हैं। अलवर से गुरुग्राम या सोहना की ओर जाने वाले भारी वाहनों को अब फिरोजपुर झिरका के अम्बेडकर चौक से मुम्बई एक्सप्रेस-वे होते हुए केएमपी और रेवासन के रास्ते गुरुग्राम या सोहना भेजा जाएगा। वहीं, गुरुग्राम या सोहना से अलवर की दिशा में जाने वाले वाहनों को केएमपी रेवासन से मुम्बई एक्सप्रेस-वे होते हुए अम्बेडकर चौक, फिरोजपुर झिरका से होते हुए अलवर भेजा जाएगा। तावडू से अलवर की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए भी यही मार्ग निर्धारित किया गया है, वे केएमपी रेवासन से मुम्बई एक्सप्रेस-वे और फिर अम्बेडकर चौक होते हुए अलवर की ओर जाएंगे।

### नूंह में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

नूंह में सोमवार को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा को लेकर भारी वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। विभिन्न स्थानों से नूंह आने वाले भारी वाहनों को ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा समाप्त होने के बाद ही नूंह लाने को कहा गया है। यात्रा के दौरान उन्हें नूंह में एंट्री की परमिशन नहीं मिलेगी। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। नूंह में सुरक्षा के लिए घुड़सवार पुलिस भी तैनात की गई है। इसके अलावा पुलिस के साइबर सैल नूंह में होने वाली ऑनलाइन व खासतौर पर सोशल मीडिया एक्टिविटीज पर नजर रख रहा है।

# मायावती ने भाषाई और जातीय हिंसा पर जताई चिंता

## कहा- देशवासियों को भारतीयता पर गर्व करना चाहिए

**पार्टी मुख्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, मायावती ने यहां केंद्रीय कैंप कार्यालय में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल की संगठनात्मक तैयारी और जनाधार बढ़ाने समेत कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर गहन समीक्षा बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।**

एजेंसी

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने कुछ राज्यों में भाषा को लेकर विवाद और हिंसा पर चिंता जाहिर करते हुए रविवार को इसे घातक प्रवृत्ति बताया और कहा कि धर्म, क्षेत्र, जाति व भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति पर हावी होने का प्रयास करती है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हर भारतीय को भारतीयता पर गर्व करके कार्य करना चाहिए। संकीर्ण उद्देश्यों के लिए भाषा और जातीय हिंसा आदि मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए



मायावती ने केंद्र और राज्य की सरकारों से कानून-व्यवस्था के साथ-साथ महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा तथा स्वास्थ्य आदि जैसे जनहित के जरूरी मुद्दों पर खास ध्यान देने की मांग की। मायावती ने खासतौर से महाराष्ट्र और तमिलनाडु आदि राज्यों में भाषाई विवाद व उसको लेकर हिंसा पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, ऐसी प्रवृत्ति घातक है और यह सब तब होता है जब धर्म, क्षेत्र, जाति व भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने का प्रयास करती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, जहां से सभी राज्यों के लोगों का सीधा वास्ता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से अपेक्षा की कि मुंबई में रहने वाले लोगों की जान माल और मजहब की सुरक्षा की गारंटी सरकार को जरूर सुनिश्चित करनी चाहिए। बसपा प्रमुख ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार के भीतर राजनीतिक गुटबाजी टकराव से उत्पन्न अस्थिरता के माहौल की ओर संकेत करते हुए कहा कि इससे कानून का राज प्रभावित हो रहा है ।उन्होंने कहा कि तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल में हालांकि अलग-अलग पार्टी व गठबंधन की सरकार हैं लेकिन वहां भी सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की स्थिति कोई अलग और बेहतर नहीं है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, (वे) हर मुसीबत के समय पूरी निष्ठा के साथ अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की मदद जरूर करें, क्योंकि मजलूम ही मजलूम का सही मददगार हो सकता है, वरना राजनीतिक स्वार्थ के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोगों की कोई कमी नहीं है।

# भूमिहीनों के बहुसंख्यक हिंदू-असमिया मुसलमानों के क्षेत्रों में बसने के पीछे हो सकती है साजिश:हिमंत

**मुख्यमंत्री ने कहा, चाहे यह साजिश हो या गरीबी या इसके पीछे राजनीतिक लोग हों, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वनों सहित विभिन्न स्थानों पर लगभग 8 लाख बीघा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है।**



एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि भूमि कटाव से प्रभावित और भूमिहीन लोगों के अपने मूल स्थानों से 200-300 किलोमीटर दूर जाकर उन क्षेत्रों में बसने के पीछे एक षड्यंत्र हो सकता है, जहां हिंदू या असमिया मुस्लिम बहुसंख्यक हैं।\ शर्मा ने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर उनकी सरकार ने अतिक्रमण की गयी भूमि को हटाने के लिए अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया था वहां लोगों के इस तरह के पलायन के कारण जनसांख्यिकीय संतुलन खतरे में पड़ गया है ।अतिक्रमण रोधी अभियान में हटाए गये लोगों में से अधिकांश बांग्ला भाषी मुसलमान हैं। शर्मा ने कहा, हमारा मुद्दा यह है कि वे 200-300 किलोमीटर दूर उन जगहों पर क्यों जा रहे हैं जहां हिंदू या असमिया मुसलमान रहते हैं। नतीजतन हमारे लोग असुरक्षा से जूझ रहे हैं। इसलिए मुद्दा सिर्फ अतिक्रमण रोधी अभियान का नहीं है, बल्कि इसके साथ ही हमें अल्पसंख्यक बनाने की एक छिपी हुई साजिश का भी है।

# तमिलनाडु में टीवीके नेता विजय का सरकार पर बड़ा हमला

## कहा- राज्य में कानून-व्यवस्था बेहद खराब है

**तमिलनाडु में पुलिस हिरासत में मंदिर गार्ड की मौत का मामला गरमाया है. अभिनेता से नेता बने विजय सड़क पर उतर गए.**

एजेंसी

चेन्नई: तमिलनाडु में मंदिर गार्ड अजीत कुमार की पुलिस हिरासत में मौत को लेकर अभिनेता से नेता बने विजय ने सरकार पर बड़ा हमला किया. उनके नेतृत्व में विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया. इस मुद्दे को लेकर राज्य में सियासी बवाल मचा है. हाईकोर्ट ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए हैं. वहीं, सरकार ने भी मामले को सीबीआई को सौंद दिया है.शिवगंगा जिले के थिरुप्पुवनम पुलिस स्टेशन में पुलिस द्वारा हमला किए जाने के बाद मंदिर गार्ड अजित कुमार की मृत्यु की घटना ने पूरे देश



को झकझोर कर रख दिया है. इसी सिलसिले में आज चेन्नई में तमिलनाडु विक्ट्री पार्टी के नेता विजय के नेतृत्व में एक विरोध प्रदर्शन किया गया. इस दौरान थिरुप्पुवनम पुलिस स्टेशन लॉकअप में हुई मौत की निंदा की गई और हत्या के लिए न्याय की मांग की गई. टीवीके नेता विजय ने मुख्यमंत्री स्टालिन से डीएमके शासन के दौरान पुलिस पूछताछ में मारे गए 24 लोगों के परिवारों से माफी मांगने का आग्रह किया है. विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मृतक अजित कुमार के परिवार से व्यक्तिगत रूप से मिल रहे हैं और संवेदना व्यक्त कर रहे हैं. इसी सिलसिले में टीवीके नेता विजय ने अजित कुमार के घर गए और उनके परिवार को आर्थिक मदद की पेशकश की.विजय ने एक बैठक में कहा, 'थिरुप्पुवनम अजित कुमार एक साधारण परिवार का युवक है. मुख्यमंत्री स्टालिन ने पुलिस स्टेशन में उसकी मौत के लिए माफी मांगी. इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन उससे जुड़ी डीएमके सरकार में पुलिस स्टेशन में जांच के नाम पर 24 लोगों की हत्या कर दी गई. आपने उनके परिवार वालों से माफी क्यों नहीं मांगी? उनसे भी माफी मांगिए. आप सिर्फ माफी ही मांग सकते हैं. कम से कम इतना तो कीजिए.'विजय ने कहा, 'पिछली सरकार में जब पुलिस द्वारा मारे गए लोगों का मामला सीबीआई को सौंपा गया था

## संक्षेप

### कॉलेज गई छात्रा लापता

**परीक्षा देने गई युवती नहीं लौटी घर, युवक पर भगा ले जाने का आरोप, केस दर्ज**

सुलतानपुर, धनपतगंज थाना क्षेत्र से एक छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां ने अपनी 20 वर्षीय बेटी के लापता होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने नामजद केस दर्जकर के जांच शुरू कर दिया है। छात्रा की मां के अनुसार, उनकी बेटी हर्ष महिला महाविद्यालय, देहली बाजार में परीक्षा देने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। घटना सात जुलाई की है। उसके बाद शाम तक जब बेटी घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल फोन भी बंद मिला, तो उसने कॉलेज में संपर्क किया। वहां पता चला कि छात्रा कॉलेज नहीं पहुंची थी। परिवार ने रिश्तेदारों और जानकारों के यहां रुचि की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। तीन दिन बाद लड़की की मां को मायके से सूचना मिली कि कूरेभार थाना क्षेत्र के धंजई गांव का रहने वाला अजय कुमार पुत्र राम अवतार सरोज लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बाबत एसओ धनपतगंज प्रवीण यादव ने बताया कि मामले के तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। छात्रा की तलाश की जा रही है।

### आकाशीय बिजली गिरने से 5 लोग घायल

**खेत में काम करते समय हादसा, दो बच्चों समेत सभी को अस्पताल में भर्ती कराया**

सुलतानपुर, जिले में शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नेवादानपुर गांव में दोपहर के समय एक दर्दनाक घटना सामने आई। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 5 लोग घायल हो गए। घायलों में रामजतन प्रजापति (45), घेराऊ (55) और अनिल (35) धान के खेत में काम कर रहे थे। उनके साथ दो बच्चे आयुष (10) और अभय (8) भी मौजूद थे। तेज बारिश के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी। इस हादसे में सभी पांचों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वर्तमान में सभी का इलाज जारी है।

### कांग्रेस का संगठन विस्तार

**जिलाध्यक्ष समेत कई पदाधिकारी रहे मौजूद, 2029 की तैयारियों पर हुई चर्चा**

सुलतानपुर, दोस्तपुर कस्बे में शनिवार को कांग्रेस कमेटी का संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मेहंदी हसन की दुकान पर हुआ। इसमें सुल्तानपुर के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर अर्जुन पासी, संदीप शुक्ला और अरुण तिवारी ने भाग लिया। दोस्तपुर ब्लॉक प्रभारी इश्तियाक अहमद, महासचिव जफीर अहमद और उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाठक भी उपस्थित रहे। विजयपाल महासचिव और जिले के सोशल मीडिया प्रभारी सुशील कुमार मिश्रा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने पार्टी को मजबूत करने के लिए रणनीति पर विचार-विमर्श किया।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य का जनता दर्शन

**फरियादियों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश, जवाबदेही तय की**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को प्रयागराज सर्किट हाउस में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। डिप्टी सीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा, हर व्यक्ति की हर समस्या का हर संभव समाधान किया जाएगा। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी समस्या के समाधान में लापरवाही न हो और हर मामले का निस्तारण समयबद्ध और संतुष्टिपरक ढंग से किया जाए। श्री मौर्य ने विशेष रूप से भूमि विवाद, अवैध कब्जे, उत्पीड़न और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी मामले में सख्त कदम उठाने की जरूरत हो, तो प्रशासन पीछे न हटे। जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने एक-एक फरियादी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी बातें गंभीरता से सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश दिए और कहा कि पीड़ितों को दोबारा चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किए। कार्यक्रम में प्रयागराज के साथ-साथ आसपास के जिलों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। डिप्टी सीएम ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनता की समस्याओं को सुलझाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और जनता के साथ सीधा संवाद बनाएं रखें। डिप्टी सीएम ने भरोसा दिलाया कि सरकार पूरी संजीदगी से जनता की समस्याएं सुन रही है और समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी।

# 20 लाख के लिए पति को मरा बता दिया

**प्रयागराज में पत्नी की करतूत, जिंदा शख्स ने एसडीएम से कहा– साहब मैं मरा नहीं हूं, जांच शुरू**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, सोरांव तहसील में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने जीवित पति को मृत दिखाकर उसकी संपत्ति हड़पने की कोशिश की। मामला सकरा मऊ के अमानगंज का है। मुस्ताक अहमद नासिक, महाराष्ट्र में रहकर काम करते हैं। उनके नाम अमानगंज में 5 बिस्वा जमीन है, जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए है। मुस्ताक की पत्नी फातिमा से विवाद चल रहा है। फातिमा अपने मायके मांधाता, प्रतापगढ़ में रहती हैं। फातिमा ने अपने बच्चों शबनूर और इरफान के साथ मिलकर 28 जून को ऑनलाइन आवेदन किया। इसमें उन्होंने दावा किया कि मुस्ताक की 10 मई 2025 को मृत्यु हो गई है। फातिमा ने खुद को वारिस बताते हुए जमीन अपने नाम करने की मांग की। जब मुस्ताक को इस बात की जानकारी मिली, तो वह एसडीएम सोरांव के पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह जीवित हैं और उनकी पत्नी झूठा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर जमीन हड़पना चाहती है। एसडीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मुस्ताक ने थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है। मऊआइमा थाने के प्रभारी निरीक्षक पंकज अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। विस्तृत जांच रिपोर्ट एसीपी फूलपुर को भेजी जाएगी। इसके बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव



**माता-पिता काम पर थे बाहर, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, उत्तर प्रदेश के अमेठी के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर मजरे करनाईपुर में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 16 वर्षीय सृष्टि शर्मा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सृष्टि के पिता का नाम सरवन कुमार है। घटना के समय सृष्टि के माता-पिता रोजी-रोटी के लिए बाहर गए हुए थे। सृष्टि ने छत पर गेहूं फैलाया और फिर अपने कमरे में चली गई। जब वह लंबे समय तक कमरे से बाहर नहीं निकली, तो पड़ोसियों ने जांच की। उन्होंने देखा कि सृष्टि का शव कमरे में फंदे से लटक रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संग्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सही कारण पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# न्यायालय में लंबित मामले में राजस्व निरीक्षक की कार्रवाई

**चांदा में विवादित जमीन पर पुलिस बल के साथ पत्थर नसब कराया, डीएम से की शिकायत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, चांदा कोतवाली क्षेत्र के अंधियारी गांव निवासी विनोद ने राजस्व निरीक्षक पर मनमानी का आरोप लगाया है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर शिकायत की है। विनोद का कहना है कि उनकी जमीन का मामला आयुक्त आयोध्या मंडल की अदालत में विचाराधीन है। समाधान दिवस में राजस्व निरीक्षक ने स्वयं आख्या में लिखा था कि न्यायालय में विचाराधीन मामले में पत्थर नसब करना उचित नहीं होगा। इसके बावजूद राजस्व निरीक्षक विपक्षी से प्रभावित होकर पुलिस बल के साथ पहुंचे। विनोद के विरोध करने और मना करने के बाद भी जबरन पत्थर नसब करा दिया। इस कार्रवाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित पक्ष ने कार्यवाही को निरस्त कर पुनः पैमाइश की मांग की है। उनका आरोप है कि राजस्व टीम ने एकतरफा कार्रवाई की है। शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया है। नायाब तहसीलदार लम्भुआ अभयराज पाल से जब इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया तो वे जवाब देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रकरण की जानकारी कर निस्तारण कराया जाएगा।

# अवैध हथियार के साथ बिहार का अपराधी धरा

**मुसाफिरखाना पुलिस ने 315 बोर का तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ एक अपराधी को रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। मुसाफिरखाना थाना पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले गणेश तिवारी को पकड़ा। 32 वर्षीय आरोपी के पास से एक तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में चार पुलिसकर्मियों की टीम शामिल थी। टीम में प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, उप-निरीक्षक रमेश चंद्र यादव, कांस्टेबल मोहित मिश्रा और कांस्टेबल सुघर सिंह शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई जनपद में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

# आवारा मवेशियों ने दो परिवारों में कराई मारपीट

**अमेठी में पड़ोसी के घर पहुंचाए जानवर, सात लोगों पर मुकदमा दर्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, आवारा मवेशियों की समस्या ने सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। शिवगढ़ जलालपुर गांव में इस समस्या ने दो परिवारों के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया। इस मामले में रविवार को मुकदमा दर्ज हो गया है। मुकेश कश्यप अपने धान के खेत से आवारा मवेशियों को हांककर रवि कश्यप के घर के सामने ले आया। रवि अपनी मां सावित्री देवी के साथ दरवाजे पर सो रहा था। अचानक जानवरों के झुंड को देख रवि ने विरोध किया। विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हुई। इस दौरान रवि की मां सावित्री देवी के सिर में गंभीर चोट लगी। उनका इलाज असैदापुर स्थित अस्पताल में चल रहा है। कोतवाल रवि कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह स्थिति प्रशासन की विफलता का परिणाम है। क्षेत्र में घटमापुर, गंगहुआ, संड़िला, शिवगढ़ जलालपुर और पूरे गिरधर शाह में सैकड़ों आवारा पशु हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे अपनी खेती और घर की रक्षा के लिए जानवरों को भगाते हैं, लेकिन ये पशु आसपास के इलाकों में जाकर दूसरों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे रोजाना विवाद की स्थिति बनी रहती है।

# क्षत्रिय महासभा को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**अलीगढ़ में कांवड़ मार्ग पर नेम प्लेट चेक करने जा रहे थे, दुकानें चेक करने से पहले रोके गए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, अखिल भारतीय करणी सेनाा के पदाधिकारियों को रविवार को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। वह रविवार को नजदीक जीटी रोड पर कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों की नेम प्लेट चेक करने के लिए जा रहे थे। पदाधिकारियों का आरोप था कि लोग बिना नेम प्लेट के दुकानें चला रहे हैं। जब पुलिस को इसकी जानकारी हुई तो बन्नादेवी थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और पदाधिकारियों को समझाकर घर ले आई। उन्हें घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस ने पदाधिकारियों को समझाया कि जो भी शासन की गाइडलाइन है, उसका पालन किया जाएगा। लेकिन उनके पदाधिकारी ऐसा कोई काम न करें। अखिल भारतीय करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा. ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर कई दुकानदार बिना नेम प्लेट के दुकानें चला रहे हैं। उनका कहना था कि कुछ जिहादी मानसिकता के लोग अपना नाम और मोबाइल नंबर छिपाए हुए हैं। उन्होंने रविवार को दुकानों की नेम प्लेट चेक करने की घोषणा की थी और अपने पदाधिकारियों के साथ निकले थे। जैसे ही पुलिस को इसकी जानकारी हुई, उन्होंने तत्काल उन्हें रोका और घर ले जाकर हाउस अरेस्ट कर लिया। कई घंटे तक पुलिस टीम उनके घर पर ही बैठी रही और हिदायत दी कि वह ऐसा कुछ भी न करें। अखिल भारतीय करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा. ज्ञानेंद्र चौहान ने बताया कि जेहादी मानसिकता के कुछ लोग अपना नाम और मोबाइल नंबर छिपा रहे हैं। यह कांवड़ियों का धर्म भ्रष्ट करने का काम कर सकते हैं। इसलिए पुलिस और प्रशासन खुद इन पर नजर रखे और दुकानों पर नेम प्लेट लगवाए। उन्होंने कहा कि जीटी रोड पर हजारों कांवड़िये निकलते हैं, जो खेरेश्वर महादेव मंदिर में जाकर जलाभिषेक करते हैं। इसलिए पुलिस को इस मार्ग पर चलने वाली दुकानों की जांच करनी चाहिए। नॉनवेज या इस तरह की कोई दुकान मिलती है तो तत्काल उसे कांवड़ मार्ग से हटवाया जाना चाहिए। क्योंकि यह उचित नहीं है।

# जमीन विवाद में चचेरे भाई की हत्या का मामला

**मथुरा में दो आरोपी गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, छाता थाना क्षेत्र के गांव लाडपुर में जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पांच बीघा जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंदो सिंह और मान सिंह के बीच पांच बीघा जमीन का विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले दोनों में ढाई-ढाई बीघा का बंटवारा हुआ था। सुबह 9 बजे इंदो सिंह के बेटे पदम, महेंद्र, राजाराम और कल्लू अपनी मेड़बंदी करने पहुंचे। उनके साथ पदम की पत्नी कमलेश भी थी। खेत पर पहले से मौजूद मान सिंह के बेटे सोरन और उनके साथियों ने गोलियां चला दीं। पदम सिंह के सीने में दो गोलियां लगीं। हमलावरों ने पदम की पत्नी और उनके भाइयों को भी पीटा। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने पदम सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मान सिंह, वीरेंद्र, प्रेम सिंह, सोरन, रामराज, जस्सो, पूनम और हुकुम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। छाता थाना प्रभारी कमलेश सिंह के अनुसार, बरसाना रोड पर भदावल नहर की पुलिया से सोरन और प्रेम सिंह को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से तमंचा, कारतूस और लाठी बरामद हुई है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# चोरों ने दी बड़ी वारदात को अंजाम

**पुन्नपुर गांव में छत से घुसे चोर, 5 लाख के जेवर और 45 हजार नकद ले गए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, संग्रामपुर क्षेत्र में स्थित पुन्नपुर गांव में चोरी की वारदात हुई। चोर छत के रास्ते आंगन में उतरे। उन्होंने दो कमरों के दरवाजों की कुंडी तोड़कर अंदर प्रवेश किया। पीड़ित मूरत के अनुसार परिवार के खाना खाने के बाद सभी सो गए थे। सुबह पांच बजे जागने पर उन्होंने देखा कि दरवाजों की कुंडी टूटी हुई थी। कमरे में रखे बक्से की कुंडी और आलमारी का लॉक भी टूटा था। चोर उनकी पत्नी, बहू और बेटी के जेवरात ले गए। बेटी के इलाज के लिए रखे 45 हजार रुपये की नकदी भी गायब थी। मूरत ने बताया कि दो साल के भीतर यह दूसरी चोरी है। पिछली बार पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही संग्रामपुर थाने से उपनिरीक्षक राम प्रकाश यादव और विनोद कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे।

# आकाशीय बिजली से 13 लोग झुलसे

**दो अलग-अलग खेतों में काम कर रहे थे लोग, 8 की हालत गंभीर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, आकाशीय बिजली गिरने से 13 लोग घायल हो गए। यह घटना मोतिगरपुर और शिवगढ़ थाना क्षेत्र में हुई। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के लामा बंकठा के 8 लोग श्रीरामपुर लमौली में राम लवट गौतम के खेत में बेहन लगा रहे थे। दोपहर एक बजे आकाशीय बिजली गिरने से सभी घायल हो गए। घायलों में चंदू निषाद, रमेश, रंजीत, निर्मला, ममता, प्रियंका, सोनू और निशा शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। गंभीर हालत के चलते सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नेवादानपुर गांव में भी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी। इस हादसे में 5 लोग घायल हुए। रामजतन प्रजापति, घेराऊ और अनिल धान के खेत में काम कर रहे थे। उनके साथ 10 वर्षीय आयुष और 8 वर्षीय अभय भी मौजूद थे। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के लामा बंकठा के 8 लोग श्रीरामपुर लमौली में राम लवट गौतम के खेत में बेहन लगा रहे थे। दोपहर एक बजे आकाशीय बिजली गिरने से सभी घायल हो गए।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी